• जयपुर, शनिवार, 3 फरवरी 24 • वर्ष 01 • अंक 166 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.com | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित



पेज @3 फेस्टिवल में राजनीति, जीवनीकार, संगीत, स्टाइल अध्यात्म और रचनात्मकता...

पेज @4 अज्ञात चोरो ने दुकान में सैंध लगाकर की चोरी, विरोध में...

पेज @8 उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से यूएन प्रतिनिधियों ने की मुलाकात...

### जयपुर शहर कांग्रेस की बैठक में हंगामा : नेता आपस में उलझे, कहा-

# काम करने वालों को पद नहीं दिए हारने का इंतजाम पहले ही कर लिया

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी)** लोकसभा चुनावों में उम्मीदवारों को लेकर रायशुमारी के लिए बुलाई गई जयपुर शहर कांग्रेस की बैठक में हंगामा हो गया। कुछ देर हंगामे के बाद वरिष्ठ नेताओं ने बीच बचाव करके विवाद शांत करवाया। हंगामा करने वाले नेता हाल ही में घोषित जयपुर जिला कार्यकारिणी को लेकर नाराज थे। जिलाध्यक्ष आरआर तिवारी के जयचंद वाले बयान पर भी नाराजगी जता रहे थे।दरअसल, पूर्व मंत्री ममता भूपेश और जयपुर जिलाध्यक्ष आरआर तिवारी ने शहर कांग्रेस के दफ्तर में लोकसभा चुनावों में उम्मीदवारों पर रायशुमारी को लेकर बैठक बुलाई गई थी। रायशुमारी के लिए नेताओं को बाहर बैठाया गया था। इसी बीच बगरू के कांग्रेस नेता महेश





कराड़िया ने हंगामा शुरू कर दिया। कराड़िया ने हाल ही घोषित जयपुर शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी में काम करने वाले लोगों को जगह नहीं देने और जिलाध्यक्ष के जयचंद वाले बयान पर नाराजगी जताते हुए जमकर खरी खोटी सुनाई। हारने का तो पहले ही इंतजाम कर लिया।

### जिलाध्यक्ष आरआर तिवारी ने कहा था- अपने ही लोगों ने हरवाया, जयचंदों से बचें

» 26 जनवरी को जिलाध्यक्ष आरआर तिवारी ने विधानसभा चुनावों में हार के लिए कांग्रेस नेताओं के एक धड़े को जयचंद तक कहा था। तिवारी ने कहा था– हमारे साथी हारे नहीं उन्हें हवाया गया है। अपने ही लोगों ने हवाया है। हमें अपने आसपास के जयचंदों से बचना होगा। तिवारी के इस बयान के बाद शहर कांग्रेस के नेताओं के बीच गुटबाजी और बढ़ गई है।जिन्होंने काम ही नहीं किया पद उनको दिया। काम करने वालों को जगह नहीं दी। उन्हें छोड़ दिया। जो काम करने वाले हैं। उनके बारे में आप सोचते ही नहीं हैं। इस तरह पद देने से आप कैसे चुनाव जीतोगे? आपने हारने का तो पहले ही इंतजाम कर लिया।

### जयपुर कांग्रेस में गुटबाजी का असर

» शुक्रवार के हंगामे को जयपुर शहर कांग्रेस की गुटबाजी से जोड़कर देखा जा रहा है। शहर अध्यक्ष आरआर तिवारी को पूर्व मंत्री महेश जोशी सहित कई नेताओं के खेमे पसंद नहीं कर रहे हैं। हाल ही घोषित

### कराड़िया शांत करवाने वाले नेताओं से उलझे.......

» महेश कराड़िया जैसे ही जोर जोर से बोलने लगे जयपुर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने शांत कराने की कोशिश की। नेताओं ने कहा कि आप सीनियर नेता हो। इस तरह सार्वजनिक रूप से बोलना ठीक नहीं है, अंदर जाकर बात रखिए, लेकिन कराड़िया नहीं माने। कराड़िया शांत करवाने वाले नेताओं से ही उलझ गए। कहा– 30 साल से पार्टी के लिए काम कर रहा हूं। इस पर दूसरे पदाधिकारियों ने कहा कि हम 50 साल से काम कर रहे है। आप इस तरह अपनी ही पार्टी का नुकसान कर रहे हो। आप अपनी और पार्टी की गरिमा खराब कर रहे हो। काफी देर तक नेताओं के बीच नोकझोंक चलती रही।कार्यकारिणी को लेकर भी विरोधी खेमा नाराज है।

**फास्ट टेक**

### सरकारों को रोजगार सृजन पर ध्यान देना चाहिए, मुफ्तखोरी पर नहीं : रघुराम राजन

**जयपुर/एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री रघुराम राजन ने इस बात पर जोर दिया कि सरकारों को युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा करने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, न कि केवल अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए मुफ्त सुविधाओं पर। उन्होंने कहा कि सुचारू विकास पथ सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा पर जोर देना सर्वोपरि है। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में बोलते हुए, राजन ने कहा कि सरकार को विकेंद्रीकरण के लिए तैयार रहना चाहिए, क्योंकि इसका लाभ दिल्ली, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय और अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा हाल के मामले अलोकतांत्रिक हैं, क्योंकि नेताओं (विपक्ष से) को चुनते समय नागरिकों के पास बहुत कम विकल्प बचे हैं।

# झारखंड के नए मुख्यमंत्री बने चंपई सोरेन

## दस दिनों में साबित करना होगा बहुमत



रांची/एजेंसी।

लगभग 26 घंटे तक चले हाई वोल्टेज पॉलिटिकल ड्रामे के बाद आखिरकार झारखंड में नई सरकार को लेकर छाई धुंध छंट गई है। झारखंड के राज्यपाल ने झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन के नेता चंपई सोरेन को राज्य का नया मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। वह आज दिन 12 बजे शपथ लेंगे। उन्हें रात करीब साढ़े ग्यारह बजे राजभवन बुलाकर मनोनयन पत्र सौंपा गया। चंपई सोरेन के साथ दो अन्य मंत्रियों के रूप में कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता के शपथ लेने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में होगा। राज्यपाल ने नए मुख्यमंत्री को विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए दस दिनों को समय दिया है।

गौरतलब है कि ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद हेमंत सोरेन ने बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे सीएम पद से इस्तीफा दिया था। इसके तुरंत बाद चंपई सोरेन ने 43 विधायकों के हस्ताक्षर वाला पत्र राज्यपाल को सौंपकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। उन्होंने कहा था कि हमें कुल 47 विधायकों का समर्थन हासिल है।

राज्यपाल की ओर से इसपर फैसले में विलंब होने पर गुरुवार को चंपई सोरेन ने शाम साढ़े पांच बजे राज्यपाल से मुलाकात कर एक बार फिर सरकार बनाने का दावा पेश किया और उनसे आग्रह किया कि उन्हें सीएम पद की शपथ दिलाई जाए। इसके बाद देर रात राजभवन की ओर से चंपई सोरन को बुलावा आया और उन्हें सीएम के तौर पर मनोनयन का पत्र सौंपा गया।

चंपई सोरेन हेमंत सोरेन की सरकार में परिवहन मंत्री थे। 68 वर्षीय चंपई कोल्हान प्रमंडल के सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं। वह हेमंत सोरेन के सबसे विश्वस्त माने जाते रहे हैं। चंपई सोरेन झामुमो के सुप्रीमो शिबू सोरेन के अनन्य सहयोगी रहे हैं। कई मौकों पर सीएम हेमंत सोरेन को इनका पैर छूते हुए भी देखा गया है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि झामुमो में इनकी अहमियत कितनी है।

चंपई सोरेन को लोग झारखंड टाइगर के नाम से भी बुलाते हैं। चंपई ने 1991 में पहली बार सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के लिए हुए उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज की थी। वो जीत इसलिए बड़ी थी, क्योंकि इन्होंने कद्दावर झामुमो सांसद कृष्णा मार्डी की पत्नी को हराया था। बाद में 1995 में झामुमो के टिकट पर जीत हासिल की। लेकिन वर्ष 2000 में बीजेपी के अनंतराम टुडू से चुनाव हार गए थे।

इसके बाद वर्ष 2005 से लगातार सरायकेला से विधायक रहे हैं। 2019 में इन्होंने भाजपा के गणेश महली को हराया था। चंपई सोरेन का जन्म सरायकेला के जिलिंगगोड़ा में 1956 में सेमल सोरेन और माधव सोरेन घर हुआ। अपने तीन भाइयों और एक बहन में ये सबसे बड़े हैं। शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो ये मैट्रिक पास हैं।

### गरीब परिवारों के लिए केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

# 2 साल के लिए बढ़ाई चीनी सब्सिडी

नई दिल्ली/एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) वाले परिवारों के लिए सार्वजनिक वितरण योजना (पीडीएस) के माध्यम से वितरित चीनी सब्सिडी योजना को 31 मार्च 2026 तक दो साल के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी है।

योजना के तहत केंद्र सरकार प्रतिभागी राज्यों के एएवाई परिवारों को चीनी पर प्रति माह 18.50 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी देती है। इस मंजूरी से 15वें वित्त आयोग (2020-21 से 2025-26) की अवधि के दौरान 1,850 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलने की उम्मीद है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया, यह योजना सबसे गरीब लोगों तक चीनी की पहुंच को आसान बनाती है और उनके आहार में ऊर्जा जोड़ती है ताकि उनके स्वास्थ्य में सुधार हो। भारत सरकार पहले से ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) के तहत मुफ्त राशन दे रही है। बयान में कहा गया है कि किफायती और उचित मूल्य पर 'भारत आटा', 'भारत दाल' और टमाटर तथा प्याज की बिक्री पीएम-जीकेएवाई से परे नागरिकों की थाली में पर्याप्त भोजन सुनिश्चित करने के उपाय हैं। अब तक लगभग तीन लाख टन चना दाल और लगभग 2.4 लाख टन आटा बेचा जा चुका है, जिससे आम उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है। बयान में कहा गया है कि इस प्रकार, सब्सिडी वाली दाल, आटा और चीनी की उपलब्धता ने देश के आम नागरिक के लिए भोजन पूरा कर दिया है, जिससे 'सभी के लिए भोजन, सभी के लिए पोषण' की मोदी की गारंटी पूरी हो गई है। इस मंजूरी के साथ, सरकार पीडीएस के माध्यम से एएवाई परिवारों को प्रति माह एक किलोग्राम प्रति परिवार की दर से चीनी वितरण के लिए भाग लेने वाले राज्यों को सब्सिडी देना जारी रखेगी। चीनी की खरीद और वितरण की जिम्मेदारी राज्यों की है।

### शहर में 6 जगह रखे हैं बम, मुंबई पुलिस को आया धमकी भरा मैसेज, एजेंसियां अलर्ट




**मुंबई/एजेंसी।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई हमेशा ही सतर्क मोड पर रहती है। 26/11 के हमले के बाद शहर की सुरक्षा को लेकर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने बेहद ही सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। पुलिस को अगर कहीं से भी गड़बड़ी की सूचना मिलती है, वह एक्टिव हो जाती है। ऐसा ही एक मैसेज मुम्बई की ट्रैफिक पुलिस को मिला, जिसके बाद सभी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

मुंबई ट्रैफिक पुलिस के कंट्रोल रूम में एक मैसेज आता है। इस मैसेज में में लिखा था कि मुंबई में 6 जगह बम रखे हुए हैं, जोकि किसी भी वक्त ब्लास्ट हो सकते हैं। इस मैसेज के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और संवेदनशील जगहों पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। इसके साथ ही पुलिस मैसेज करने वाले का भी पता लगा रही है। वहीं इससे पहले 31 दिसंबर 2023 को भी पुलिस को ऐसे ही धमकी भरा कॉल आया था। कॉल करने वाले व्यक्ति ने पुलिस को फोन करके कहा था कि नए साल पर पूरे शहर में धमके होंगे। इस कॉल के बाद भी पुलिस सतर्क हो गई थी और सभी पुलिस स्टेशनों और क्राइम यूनिट्स को अलर्ट कर दिया गया था।

# उत्तर पश्चिम भारत में अगले 24 घंटों तक जारी रहेगा बारिश का दौर

## पंजाब में चलेंगी तेज हवाएं; बारिश के साथ गिरेंगे ओले

नई दिल्ली/एजेंसी।



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। उसके बाद शनिवार और 5 फरवरी को यह क्षेत्र बारिश से प्रभावित हो सकता है। आईएमडी के अनुसार, मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं में एक ट्रफ के रूप में एक पश्चिमी विक्षोभ लगभग 72 डिग्री पूर्व देशांतर के साथ 30 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में उत्तर पश्चिम राजस्थान और निचले क्षोभमंडल स्तर में एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण के साथ चल रहा है। आईएमडी ने अपने दैनिक बुलेटिन में कहा, शनिवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है।

5 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की/मध्यम से लेकर व्यापक वर्षा/बर्फबारी होने की संभावना है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, गुरुवार को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी भारी बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है। पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली में हल्की/मध्यम छिटपुट से लेकर काफी व्यापक वर्षा हो सकती है और गुरुवार को उत्तर प्रदेश तथा पूर्वी राजस्थान में छिटपुट से लेकर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

# मोदी की गारंटी वाला बजट

केंद्र सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट प्रस्तुत कर दिया है। इस बजट में हालांकि कोई व्यापक परिवर्तन नहीं किया है, लेकिन जिस प्रकार पिछले बजट के कारण भारत की दशा और दिशा सुधरी हुई दिखाई देती है, वैसी ही राह का अनुसरण इस बार के बजट में किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले बजटों के माध्यम से भारत ने अर्थव्यवस्था के मामले में नए कीर्तिमान बनाते हुए एक वैश्विक आयाम स्थापित किया है। जिसकी चर्चा पूरे देश में तो है ही, साथ विश्व के अनेक देश भारत के इन आर्थिक कदमों की प्रशंसा कर रहे हैं।


कोरोनाकाल में जहां एक ओर विश्व के अनेक बड़े देशों की अर्थ व्यवस्था धराशायी हो गई थी, वहीं भारत ने सीना चौड़ा कर–के एक ऐसी राह का निर्धारण किया, जो भारत को विकसित बनाने में समर्थ है। इस बार का बजट भी निश्चित ही भारत को गरीबी से उबारने का सामर्थ्य पैदा करने वाला ही कहा जाएगा, क्योंकि इस बजट में केंद्र सरकार ने उन बातों पर पुनः फोकस किया जो भारत की गरीब जनता के लिए प्रगति का द्वार खोलती हैं। केंद्र सरकार भारत की जनता को जातियों के आधार पर नहीं देखती। उसकी नजर में देश में केवल चार ही जातियां हैं। जिसमें किसान, युवा, महिला एवं गरीब ही आते हैं। यह किसी भी जाति का क्यों न हो‍ इसके लिए इस बजट में भी ध्यान रखा गया है। वास्तव में जिस देश में यह चार वर्ग सशक्त हो जाएं तो उस देश को प्रगति की राह पर जाने से कोई नहीं रोक सकता। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने विकास के रास्ते पर दौड़ लगाई है। इस देश में अब तक करोड़ों वास्तविक गरीबों को आवास मिला है। इसके पूर्व सरकारी सुविधा से निर्मित आवासों में बंदरबांट होता रहा है। जिसमें कई आवास नेताओं के परिजनों को ही मिल जाते थे, जो एक बड़े घोटाले का रूप ले चुका था। केंद्र की मोदी सरकार ने इसमें पारदर्शी तरीके से कार्य करते हुए उन्हीं गरीबों को आवास उपलब्ध कराए, जिनको वास्तव में जरूरत थी। यह आवास हर वर्ग को उपलब्ध कराए, फिर चाहे वह हिन्दू हो अथवा मुसलमान।

सरकार भारत की समस्त जनता को अपना परिवार मानकर कार्य कर रही है। उसका नारा भी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास ही है। इस बार के बजट में केंद्र सरकार ने प्रावधान किया है कि आगामी समय में देश के गरीब समाज को गरीबी से बाहर निकालने के लिए दो करोड़ आवास निर्मित किए जाएंगे। इससे जिन मजदूरों की आय का बड़ा हिस्सा मकान किराये के रूप में व्यय होता था, उससे बचा जा सकेगा। मोदी सरकार का यह कदम मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला ही कहा जाएगा। इसलिए इस बजट को मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला भी कहा जा रहा है। कुल मिलाकर इस बजट को गरीबों को सशक्त बनाने वाला बजट निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। केंद्र सरकार ने इस बजट में व्यापारी वर्ग का भी खास ध्यान रखा है। सरकार ने आयकर को यथावत रखा है। इसी प्रकार महिलाओं के विकास पर भी जोर दिया गया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस बजट के माध्यम से तीन करोड़ और महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा। विकास की आधारशिला का मुख्य सूत्र माने जाने वाले अधोसंरचना पर भी मोदी सरकार ने प्रमुखता से ध्यान दिया है। इसके विकास के लिए बजट में बढ़ोतरी की है।

कहा जाता है जिस देश की अधोसंरचना मजबूत होती है, वह देश विकास की राह पर तेज गति से भागता है। क्योंकि इससे समय की बचत होती है और काम भी आसान हो जाता है। यातायात को सुगम बनाने की दिशा में यह बजट बहुत ही प्रभावी माना जा रहा है। हालांकि जब से मोदी सरकार आई है, तब से अधोसंरचना को विकसित करने के तीव्र गति से कार्य किए जा रहे हैं। जो काम वर्षों में होता था, वह काम इस सरकार के कार्यकाल में महीनों में उच्च गुणवत्ता के हो रहे हैं। इन कामों में पारदर्शिता लाई गई है। इसी प्रकार रेलयात्रियों की सुविधा के लिए भी व्यापक रूपरेखा भी इस बजट में दिखाई देती है। 40 हजार सामान्य श्रेणी के कोचों को वंदे भारत की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। जिससे भारत की गरीब जनता की रेल यात्रा आरामदायक हो सके।

इसी प्रकार अधूरे पड़ी रेल परियोजना को भी बहुत जल्द पूरा करने का भी प्रावधान इस बजट में किया गया है। साथ ही तीन नई परियोजना को भी प्रस्तावित किया गया है। इससे यह बजट बहुत ही संतुलित बजट माना जा रहा है। मोदी सरकार का यह बजट आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में उठाया गया एक ऐसा कदम माना जा रहा है, जो भारत की मजबूती के लिए नई तस्वीर निर्मित करेगा। आज भारत की जो मजबूत छवि विश्व के देशों में दिखाई दे रही है, वह वर्तमान केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण ही संभव हो सका है। भारत फिर से उसी राह पर उसी राह पर मजबूती के साथ कदम बढ़ा रहा है, जो विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए कहा सकता है। यही कदम भारत को विश्व गुरु के सिंहासन पर आसीन करने वाला होगा।

# भ्रष्टता निवारण है सशक्त लोकतंत्र का आधार



ललित गर्ग

झारखंड राज्य में जमीन खरीद में गड़बड़ी, अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के कथित पुराने मामलों की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से झारखंड की सरकार संकट में आ गयी और उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, जो दुनिया के सबसे बड़े भारत लोकतंत्र के आदर्श एवं सशक्त होने की बड़ी अपेक्षा है। आजादी के अमृत काल में राजनीति का शुद्धिकरण एवं अपराध मुक्ति ही भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बना सकेगा। हेमंत सोरेन के बाद अब अगला नम्बर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का है। स्पष्ट है कि अब भ्रष्टाचारियों की नैया पार होने वाली नहीं है। अगर ये लोग सोचते हैं कि ताकतवर होने के कारण कानून उन तक नहीं पहुंच सकता, तो ये मुगालते में हैं। अगर उन्होंने भ्रष्टाचार किया है, तो उन्हें अपने किए की सजा मिलेगी ही। भ्रष्ट आचरण से करोड़ों-अरबों की संपत्ति लूटने वाले नेतागण शायद नहीं जानते कि केंद्र में ऐसी मजबूत सरकार है, जो भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती। इसीलिए तो जांच एजेंसियों को पूरी छूट मिली हुई है कि वे भ्रष्ट आचरण करने वालों को पकड़ें। दबाव मुक्त केन्द्रीय एजेंसियां अपने काम में जुटी भी हुई हैं, उनकी टांग खिंचने की बजाय उनका हौसला बढ़ाना चाहिए।

इनदिनों गैरभाजपा प्रांतों में भ्रष्टाचार के मामले बड़ी संख्या में उजागर हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल आम आदमी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पश्चिम बंगाल में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी जेल की सलाखों के पीछे हैं, इनकी गिरफ्तारी बता रही है कि ममता बनर्जी एवं अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त शासन के कितने ही दावे क्यों न करें, लेकिन उनके वरिष्ठ मंत्री भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक मजबूरियां जी रहे हैं। राजनीति की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। राजनीतिक दल अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी



का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।

भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं जाति-सम्प्रदाय के हिंसक आग्रहों पर इंडिया गठबंधन में कोई बहस नहीं है, कोई आदर्श राष्ट्र निर्माण की दृष्टि एवं दिशा नहीं है। राजनीति में लगे लोगों में जब इन मसलों की गहराई तक जाने का धैर्य और गंभीरता चुक जाए, तो उनके मंच के संवाद पहले निम्न दर्जे तक गिरते हैं और फिर कीचड़ को ही संवाद का विकल्प मान लिया जाता है। इन दिनों यही हो रहा है। भ्रष्टाचार के लिए मोदी सरकार जो कार्रवाइयाँ कर रही हैं, वह सराहनीय है। भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके ऐसे नेताओं की कमी नहीं है, जो यह मानते हैं कि सरकार उनकी है और वे कुछ भी कर सकते हैं। इस तरह की भ्रामक सोच भारतीय राजनीति का पतन कर रही है। इसकी शुचिता और पारदर्शिता को धूमिल कर रही है। पहले राजनीति का अर्थ लोगों की सेवा करना होता था, लेकिन बाद में यह अपने लोगों की सेवा का माध्यम समझी जाने लगी। बिहार, बंगाल, दिल्ली और झारखंड जैसे राज्य तो इसमें सबसे ऊपर दिखते हैं। झारखंड में ही अभी जो घटनाक्रम हुआ है, क्या उससे यह धारणा नहीं बनती कि हेमंत सोरेन ने जरूर कुछ ऐसे कार्य किए हैं कि पहले उन्हें ईडी से भागना पड़ा और जब उन पर दबिश बढ़ी, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर ईडी अधिकारियों के हाथों गिरफ्तार होना पड़ा। बिहार का हाल भी झारखण्ड से अलग नहीं है। वहां पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का भ्रष्टाचार लगातार खबरों में रहा है, वे भी सजा भुगत चुके हैं। उनके पुत्र तेजस्वी यादव व अन्य परिजन पर भी जमीन घोटाले के आरोप हैं। कहा जाता है कि जब ईडी ने तेजस्वी यादव से सवाल पूछे, तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने घोटाले के वक्त खुद के नाबालिग होने की बात कही। जब ईडी अधिकारियों ने पूछा कि करोड़ों की कंपनी कैसे बनाई, तो उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी न होने की बात कही। जबकि लालू यादव के पास इतनी संपत्ति कैसे जमा हुई, यह कोई छिपा रहस्य नहीं है। इसलिए यह कयास भी गलत नहीं है कि देर-सबेर तेजस्वी यादव भी अपने पिता की तरह जेल में दिख सकते हैं। कुछ इसी तरह की कहानी देश के अन्य राज्यों में भी है, जहां मुख्यमंत्री और बड़े नेता ईडी के निशाने पर हैं, इसलिए मुमकिन है कि आने वाले दिनों में हम और भी कई नेताओं को कालकोठरी में देख सकते हैं।

बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय जनता दल, की ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसकी खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है, नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर है तो उसकी पार्टी के भीतर भी यदि भ्रष्टाचार है तो उसकी सफाई ज्यादा जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भ्ज्ञी दल के नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का बुगल बजाय हुए हैं तो यह आजादी के अमृत महोत्सव मनाने की सार्थक पहल है, जिसके माध्यम से वे भारत के विलक्षण और ऐतिहासिक प्रधानमंत्री माने जाएंगे। राजनीतिज्ञों की साख गिरेगी, तो राजनीति की साख बचाना भी आसान नहीं होगा। हमारे पास राजनीति ही समाज की बेहतरी का भरोसेमंद रास्ता है और इसकी साख गिराने वाले कारणों में अपराधीकरण और भ्रष्टचार के बाद तीसरा नंबर इस कीचड़ उछाल राजनीति का भी है, जिसमें गलत को गलत नहीं माना जाता। ये तीनों ही राजनीति के औजार नहीं है, इसलिए राजनीति को तबाही की ओर ले जाते हैं। अपराधीकरण और भ्रष्टाचार का मसला काफी गहरा है और इससे खिलाफ लड़ाई के लिए काफी वक्त और ऊर्जा की जरूरत है, लेकिन कीचड़ उछाल से परहेज करके और सार्थक बहस चलाकर देश की राजनीति का सुधार आंदोलन शुरू किया जा सकता है। राजनैतिक कर्म में अपना जीवन लगाने वालों से इतनी उम्मीद तो की ही जानी चाहिए कि भ्रष्टाचार के खिलाफ होने वाली कार्रवाइयों को राजनीतिक रंग न दे। ऐसी ही उम्मीदभरी एवं स्वच्छ राजनीति से भारत का लोकतंत्र समृद्ध हो सकेगा।

# दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे ...



तनवीर जाफरी

कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के नाम से सड़कों पर उतर चुके हैं। कार्यक्रमानुसार यह 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' लगभग 66 दिनों तक चलते हुये देश के 15 राज्यों और 110 ज़िलों से होकर गुज़रना प्रस्तावित है। 20 मार्च को मुंबई में खत्म होने वाली यह यात्रा 15 राज्य और 110 ज़िलों के 337 विधानसभा व 100 लोकसभा सीटों से होकर गुज़रेगी। 14 जनवरी को राहुल गांधी द्वारा मणिपुर के थौबल से शुरू की गयी यह 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मणिपुर के बाद नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए (मुंबई) महाराष्ट्र में समाप्त होगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पार्ट 2 को पहले से भी अधिक जनसमर्थन मिल रहा है। जगह जगह लोगों की भारी भीड़ राहुल गाँधी को सुनने व देखने के लिये उमड़ रही है। परन्तु देश का 'रीढ़ विहीन' मीडिया राहुल गाँधी की सफल 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को कोई महत्व नहीं दे रहा। मीडिया तो सत्ता के सुर से अपना सुर मिलाते हुये देश को केवल यह बताने में व्यस्त है कि देश में 'राम राज' आ चुका है।

'भारत जोड़ो यात्रा' पार्ट 1 और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पार्ट 2 में एक और बहुत बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। 'भारत जोड़ो यात्रा' पार्ट 1 के समय जब राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक 145 दिनों की कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक की यात्रा करते हुये 3570 किलोमीटर के सफ़र में 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया था। उस समय किसी भी पक्ष या विपक्ष के सत्तासीन राज्य से गुज़रते वक्त इस स्तर के शासकीय विरोध का सामना नहीं करना पड़ा था जितना इस बार उन्हें 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पार्ट 2 के दौरान अपनी यात्रा के शुरुआती दौर में ही भाजपा शासित असम राज्य में करना पड़ा। असम में राहुल गाँधी की यात्रा रोकने,बाधित करने व राहुल गाँधी व उनके साथियों को हतोत्साहित करने के लिये असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने अपना पूरा ज़ोर लगा दिया। राजनीति में इस तरह का विरोध राजनैतिक विरोध कम व्यक्तिगत रंजिश जैसा अधिक प्रतीत होता है? हिमंता बिस्वा सरमा ने राजनीति का कखग कांग्रेस में ही रह कर सीखा है। सरमा के कांग्रेस में रहते हुये भाजपा इन्हें देश का सबसे भ्रष्ट कांग्रेस नेता बताया करती थी। कुछ अजित पवार की ही तरह। परन्तु जब से उन्होंने भाजपा में शरण पाई तब से वे न केवल असम



में एक भाजपाई मुख्यमंत्री के रूप में सुशोभित हो रहे हैं बल्कि भाजपा की नेहरू-गांधी परिवार व कांग्रेस विरोधी मुहिम के भी सबसे बड़े अगुआकार के रूप में नज़र आ रहे हैं। यहाँ तक कि कुर्सी पर बने रहने और अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचारों की आंच से महफ़ूज़ रहने के लिये वे संघ व भाजपा के साम्प्रदायिक व विभाजनकारी एजेंडे के भी 'नायक' बने दिखाई देते हैं।

शायद तभी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पांचवें दिन यानी 18 जनवरी को जब राहुल गांधी ने मणिपुर से नगालैंड होते हुये असम में प्रवेश किया तो उन्होंने असम के शिवसागर ज़िले में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा और फरर देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक अन्याय कर रही है। जबकि 'भारत जोड़ा न्याय यात्रा' का लक्ष्य हर धर्म, हर जाति के लोगों को एकजुट करने के साथ इस अन्याय के खिलाफ लड़ना भी है। इसी तरह राहुल ने यात्रा के अगले दिन 19 जनवरी को असम के लखीमपुर ज़िले के गोगामुख में एक जनसभा में कहा कि -'भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दिल्ली से हिंदुस्तान पर शासन करना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस स्थानीय शासन का समर्थन करती है।' एक ओर तो असम से गुज़रते वक्त राहुल अपनी सभाओं व वार्ताओं में संघ व भाजपा पर तथा मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आक्रामक थे तो दूसरी तरफ उन्हें भारी जनसमर्थन व जन उत्साह देखने को मिल रहा था। शायद यही बात भाजपा व बिस्वा सरमा से सहन नहीं हो सकी और संभवतः इसी वजह से राजनैतिक विरोध व्यक्तिगत विरोध के स्तर तक आ गया।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने 19 जनवरी को यह यह कह दिया था कि कांग्रेस की न्याय यात्रा को न तो सुरक्षा दी जाएगी, न ही यह यात्रा शहर से होकर गुज़रने दी जायेगी। इसी के अगले दिन यानी 20 जनवरी को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर हमला किया गया। भाजपा के कुछ कार्यकर्ता अपनी पार्टी के झंडे लेकर राहुल की बस के सामने आ गए। राहुल भी बस से बाहर निकल पड़े। कांग्रेस ने इस हमले का आरोप भाजपा पर लगाया है। कांग्रेस के अनुसार-'इखढ के गुंडों ने पोस्टर-बैनर फाड़े, गाड़ियों में तोड़फोड़ की। यह लोग यात्रा को मिल रहे समर्थन से घबरा गए हैं।' इसके अगले दिन यानी 21 जनवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आठवें दिन, असम में ही राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की की गयी। उनके सिक्योरिटी गार्ड राहुल को बचाते हुए बस के अंदर सुरक्षित वापस ले गए। यहां कांग्रेस के पोस्टर्स व होर्डिंग्स फाड़े गये। इसके बाद उसके अगले दिन यानी 22 जनवरी को न्याय यात्रा के नौवें दिन राहुल अपने साथियों के साथ नगांव पहुंचे। वे यहां बोर्दोवा थान में संत श्री शंकरदेव के जन्म स्थल बताद्रवा थान मंदिर में दर्शन करने के लिये जाना चाहते थे परन्तु उन्हें प्रवेश करने की इजाज़त नहीं दी गई। सुरक्षाबलों ने राहुल और अन्य कांग्रेसी नेताओं का काफिला रास्ते में हैबरगांव में रोक दिया। यहां सुरक्षाबलों से बहस के बाद राहुल और अन्य कांग्रेसी नेता धरने पर बैठ गए। इस विषय पर जब असम उट हेमंत बिस्वा सरमा से सवाल किया गया तो उत्तर था कि - 'आज 'रावण' के बारे में तो बात मत कीजिए'?

इसी तरह राहुल गांधी को असम के एक विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करने के लिये प्रवेश नहीं करने दिया गया। आखिरकार 23 जनवरी को यात्रा के 10वें दिन राहुल गांधी ने विश्वविद्यालय के छात्रों से असम-मेघालय सीमा पर सड़क पर बातचीत की और कहा-'कि मैं आपकी यूनिवर्सिटी आकर आपसे बात करना चाहता था और ये समझना चाहता था कि आप किन मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इसके बाद जब राहुल गांधी की न्याय यात्रा गुवाहाटी पहुंची तो असम पुलिस ने गुवाहाटी सिटी जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग लगाकर यात्रा को रोक दिया। यहां कांग्रेस समर्थकों के साथ पुलिस की भिड़ंत व धक्का मुक्की हुई। भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ डाली। इसके बाद राहुल गांधी सहित अन्य कई नेताओं के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी। इस संबंध में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद हम राहुल गांधी को गिरफ्तार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान दंगा भड़काने की कोशिश की गयी थी और कांग्रेस ने असम में एक बड़ा सांप्रदायिक टकराव भड़काने की साज़िश रची थी।

सवाल यह है कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज़ दबाने का आखिर यह कौन सा तरीका है? क्या राजनैतिक विरोध अब निजी शत्रुता जैसा रूप ले चुका है? वैसे दलबदल व अवसरवादिता की राजनीति के इस दौर में खासकर 'थाली के बैंगन ' राजनीतिज्ञों के लिये डॉ बशीर बद्र का यह शेर बहुत ही प्रासंगिक लगता है -

**दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाईश रहे।**
**जब कभी हम दोस्त हो जाएँ तो शर्मिंदा न हों।।**

# दशकों बाद देश के बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय



आरके सिन्हा

भारत ने एक बार फिर शत्रुओं को साफ संकेत और सख्त संदेश दिया है कि वह अपनी सरहदों की निगहबानी करने में कभी भी पीछे नहीं रहेगा। भारत अपने रक्षा क्षेत्र को निरंतर मजबूत करता रहेगा। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव से पहले गुरुवार को मोदी सरकार के अंतरिम बजट को देश के सामने रखा। उन्होंने बजट प्रस्तावों में रक्षा क्षेत्र के लिए पिछले वित्त साल की तुलना में 11.1 फीसद अधिक धन की व्यवस्था की। यह राशि देश के जीडीपी के कुल 3.4 फीसद होगी। यह एक स्पष्ट और सख्त संदेश है कि चीन और पाकिस्तान जैसे दो घोषित शत्रुओं के साथ भारत कभी भी अपनी सीमाओं की रखवाली करने में कमजोर रहने वाला नहीं है। यह दोनों दी देश घनघोर रूप से धूर्त हैं। इनसे भारत कई बार जंग भी कर चुका है। अगर एक 1962 की जंग को छोड़ दिया जाए तो भारत ने हरेक बार इन्हें करारा जवाब भी दिया है।

1962 की जंग को हुए तो अब छह दशकों का लंबा वक्त हो गया है। उसके बाद चीन ने हमारी सीमाओं के अतिक्रमण करने की जब-जब कोशिश की तो उसे कसकर मार पड़ी। बुद्ध, महावीर और गांधी का भारत अपने पड़ोसियों से सौहार्द पूर्वक संबंध रखना जरूर चाहता है। वह अपने पड़ोसियों की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी करता है। इतिहास साक्षी है कि भारत ने किसी देश में जाकर कभी भी हमला नहीं किया है। पर भारत भी अब किसी की धौंस में आने वाला नहीं है। इस बीच, रक्षा क्षेत्र को लेकर सबसे अच्छी बात यह हो रही है कि भारत रक्षा उत्पादन में आत्म निर्भर बनने का संकल्प ले चुका है। नरेन्द्र मोदी के केन्द्र सरकार पर 2014 में सत्तासीन होने के बाद सरकार की कोशिश रही है कि हम अपनी रक्षा जरूरतों का उत्पादन खुद करें।

भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अनुरूप और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्टार्ट-अप सहित भारतीय उद्योग द्वारा रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार लाए हैं, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। एक सुखद बात यह भी है कि टाटा, लार्सन एंड टुब्रो, महिन्द्रा और जिंदल जैसे मशहूर उद्योग समूह रक्षा उत्पादन में निवेश कर रहे हैं। टाटा समूह रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयार कर चुका है। टाटा मोटर्स, टाटा पावर




और टाटा एडवांस्ड मैटीरियल्स रक्षा उत्पादन के काम में खासतौर पर बहुत एक्टिव हैं। भारत के सालाना लगभग दो लाख करोड़ के रक्षा बाजार में कब्जा करने में टाटा समूह एक बड़े प्लेयर के रूप में उभर रहा है।

भारत को दुश्मनों से पूरी तरह से सुरक्षित रखने के लिए रक्षा क्षेत्र में हर हालत में एक स्तर तक तो आत्मनिर्भर होना ही होगा। इस लिहाज से देश के निजी के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ जाती है। दरअसल स्टॉकहोम इंटरनेशनल ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में बताया है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2013-17 और 2018-22 के बीच भारत की हथियार खरीद में 11 प्रतिशत की कमी आई है, इसके बावजूद भारत हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार देश बना हुआ है। बीते पांच सालों में दुनिया में जितने हथियार खरीदे गए, उनमें से 11 प्रतिशत अकेले भारत ने खरीदे। सऊदी अरब (9.6 फीसदी) खरीद के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं इनके बाद कतर (6.4%), ऑस्ट्रेलिया (4.7%) और चीन (4.7%) का नंबर आता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियारों का निर्यातक इसलिए बना क्योंकि वह चीन और पाकिस्तान जैसे देशों का पड़ोसी है।

चीन और पाकिस्तान को भारत का विकास कभी भी रास नहीं आता। यह दोनों मुल्क भारत को किसी न किसी तरह से क्षति पहुंचाने की फिराक में रहते हैं। इसलिए भारत के पास अपने रक्षा बजट को लगातार बढ़ाने के अलावा कोई चारा नहीं बचता। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इस सोच के चलते ही अपने अंतरिम बजट में रक्षा क्षेत्र को दिल खोलकर धन दिया।कमजोर को तो दुनिया जीने का भी अधिकार देने के लिए राजी नहीं है। कहा गया है कि "क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो । उसको क्या जो दंतहीन, विषहीन, विनीत, सरल हो।" भारत की तरफ से पूरे विश्व को यह संदेश जाते रहना चाहिए कि हम रक्षा क्षेत्र को मजबूत करते हुए अपने अन्य क्षेत्रों की भी अनदेखी नहीं करेंगे।

यह भी गौरतलब है कि भारत रक्षा निर्यात के क्षेत्र में एक बड़ी ताकत बनने जा रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछले नौ साल में देश में रक्षा निर्यात में 23 गुणा की बढ़ोतरी हुई है। फिलहाल 100 से अधिक कंपनियों के जरिए देश में रक्षा क्षेत्र से जुड़ा सामान का उत्पादन हो रहा है। इन्हें 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत बनाया जा रहा है। देश रक्षा क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, बल्कि दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहा है। विगत वित्त साल भारत ने 16 हजार करोड़ रुपये का निर्यात किया है, जिसमें सैन्य हार्डवेयर यानी गोला-बारूद और हथियार शामिल हैं। यह पिछले साल से करीबन तीन हजार करोड़ रुपये अधिक है और पिछले नौ वर्षों में सबसे अधिक और 2014 से 23 गुणा है।

अब जानेंगे कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024 क्यों पेश किया? इससे पहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने वर्ष 2019 में अंतरिम बजट पेश किया था। तो,अंतरिम बजट क्या है और इसे 2024 में पूर्ण बजट के बजाय क्यों पेश किया जा रहा है। क्या होता अंतरिम बजट है? दरअसल जिस साल देश में लोकसभा चुनाव होने होते हैं, उस वर्ष के दौरान मौजूदा सरकार पूर्ण बजट पेश नहीं कर सकती है। इसी वजह से वित्तमंत्री अंतरिम बजट पेश करते हैं जो अल्पकाल के लिए सरकार के खर्चों और राजस्व की रूपरेखा तय करते हैं। अंतरिम बजट तब तक के लिए होता है जब तक देश में नई सरकार चुनी नहीं जाती। यह तो मानकर चलिए जब देश का पूर्ण बजट पेश होगा तब भी रक्षा क्षेत्र के साथ न्याय ही होगा।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

सैमसंग गैलेक्सी टैब s9 सीरिज जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2024 के दूसरा दिन रहा नए विचारों और शानदार वक्ताओं के नाम


# फेस्टिवल में राजनीति, जीवनीकार, संगीत, स्टाइल अध्यात्म और रचनात्मकता का देखा गया अभिनव और गंभीर परिदृश्य

## भारत को वैश्विक मूल्यों श्रृंखला का अभिन्न अंग बनने की महती आवश्यकता पर भी रहा फोकस

चमकता राजस्थान









**जयपुर! (खलील कुरैशी)2 फरवरी।** दुनिया के सबसे बड़े साहित्यिक शो, सैमसंग गैलेक्सी टैब ए९ सीरिज जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2024 के दूसरे दिन की शुरुआत होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में, 2 फरवरी की सर्द सुबह में कई रोचक और उत्तेजक सत्रों के साथ हुई फेस्टिवल का दूसरा दिन राजनीति, जीवनीकार, संगीत, स्टाइल, अध्यात्म और रचनात्मकता के नाम रहो दिन की शुरुआत फिल स्कार्फ के दिल छू लेने संगीत के साथ हुई सेक्सोफोन पर जैज़ और पारंपरिक राग की जुगलबंदी प्रस्तुत की प्रियांक कृष्णा और अनूप बनर्जी ने दिया उनका साथ

● **कुछ प्रमुख सत्र रहे**

सत्र 'ट्रस्ट' में पुलित्जर पुरस्कार विजेता लेखक हर्नान डियाज़ ने अपने उपन्यास और लेखकीय स×फर पर चर्चा की उन्होंने कहा, ₹मैं एक टेस्टीमोनियल लेखक नहीं हूं.मेरा लेखन मेरे निजी अनुभवों पर आधारित नहीं है इसलिए पन्नों पर मुझे ढूँढना बेमानी है, लेकिन.मैं उस तरह का लेखक हूं जो सोचता है कि साहित्य अधिक साहित्य से बनता है, और मैं परंपरा का सामना करके लिखता हूं, उससे पीछे नहीं... मेरा ज्यादातर काम इन कठोर बातों से जुड़ा है और फिर उनमें किसी प्रकार का पुरातात्विक हस्तक्षेप उसे और प्रेरित करता है!सुबह के एक सत्र 'यशोधरा एंड वीमेन ऑ×फ द संघ' में श्याम सेल्वादुरै और वेनेसा आर. सेसों ने अपनी किताबों के माध्यम से इतिहास के सबसे अदृश्य व्यक्तित्व यशोधरा पर चर्चा की बुद्ध की ख्याति अंधेरे में खड़ी यशोधरा की नींव पर बनती है, वो युवा पत्नी जिसे महल में तन्हा छोड़ दिया गया थो यशोधरा पर बात करते हुए अकादमिक वेनेसा ने साझा किया कि उन्होंने काफी बौद्ध साहित्य पढ़ा है, और लगभग किसी में भी यशोधरा पर कुछ नहीं मिलतो ''जबकि ये एक ऐसा किरदार है, जिस पर बार-बार लिखा जाना चाहिऐ ये कहानी एक जीवित कहानी है, जो 2000 साल के इतिहास में लगातार बदलती रही है''

श्याम सेल्वादुरै ने लेखन पर बात करते हुए कहा, ''लेखन शुरू करने से ज्यादा जरूरी होता है, उस पर टिके रहनो इसके लिए आपके कथ्य में रोचकता और जिज्ञासा होनी चाहिऐ यशोधरा अपने आपमें सब कुछ हैं'' सत्र संचालन किया लेखिका और कवयित्री अरुंधति सुब्रमनियम नेएक दिलचस्प सत्र, 'द मेमोइरिस्ट्स' में वक्ताओं, मणिशंकर अय्यर और गुरुचरण दास ने संस्मरण लिखने की प्रक्रिया से अवगत करायो दास ने अपने लेखन का रहस्य बताते हुए कहा, ₹मैं अपने बचपन के बारे में इतनी स्पष्टता से लिख पा रहा हूं, इसका कारण मेरी मां की डायरियां हैं।₹ अय्यर ने उन क्षणों को याद किया जिनका उन्होंने लिखते समय वास्तव में आनंद लिया था, ''मैंने हमेशा लिखने का आनंद लिया है। मुझे कभी पता नहीं चला कि कैसे रुकना है।''सत्र 'द एलिफेंट मूव्सः इंडिया'स न्यू प्लेस इन द वर्ल्ड' की शुरुआत अमिताभ कांत और अमित कपूर की नई किताब 'एलिफेंट मूव्स' के लोकार्पण से हुई, जिसका श्रोताओं ने ज़ोरदार तालियों से स्वागत कियो सत्र में पिछले कुछ वर्षों में भारत द्वारा अपने तकनीकी बुनियादी ढांचे और बेहतर शासन संरचनाओं सहित की गई महान प्रगति पर प्रकाश डाला गया, हालांकि यह भी स्वीकार किया गया कि जब सामाजिक विकास और रोजगार की बात आती है तो इसमें निजी क्षेत्र का भी महत्वपूर्ण योगदान है देश के लिए अपनी आकांक्षाओं में, अमिताभ कांत ने कहा, ₹भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखला का एक बहुत ही अभिन्न अंग बनने की आवश्यकता है₹। अमित कपूर ने दीर्घकालिक समाधान की आवश्यकता पर पैनल के विचारों का समर्थन करते हुए कहा, ''हममें से बहुत से लोग गलती करते हैं जब हम विकास या प्रगति को सिर्फ एक रेस मान लेते हैं यह कोई रेस नहीं बल्कि एक मैराथन है₹ सत्र 'द एस्केप आर्टिस्ट' में जोनाथन फ्रीडलैंड ने श्रोताओं को बताया कि जब वह महज 19 साल के थे, तब उन्होंने इस कहानी के बारे में सुना थो उन्होंने एक डाक्यूमेंट्री देखी, जिसमें गवाहों की कहानी थी जिन्होंने नाज़ी जर्मनी में खुद यहूदियों के ×कत्ल के प्रयास को देखा थो फिल्म में रुडोल्फ व्रबा की कहानी का भी जिक्र था, जो ऑस्विवत्ज़ से भागने में कामयाब रहा थो सत्र में ऑस्विवत्ज़ की भयानक यातनाओं और उन लोगों का भी जिक्र हुआ, जिन्होंने इसे भोगा थो रोजर कोहेन ने सवाल किया कि लोग यहूदियों की कहानियों को मानने से इंकार क्यों कर देते हैं? इस पर जोनाथन ने जवाब दिया कि ''कभी-कभी हम सच जानते हैं, फैक्ट्स जानते हैं.लेकिन कोई चीज हमें उस पर यकीन करने से रोकती हैएक अन्य सत्र 'ट्वेल्व सीजर' में, लोकप्रिय क्लासिकवादी मैरी बियर्ड ने रोमन साम्राज्य के बारे में बात की और हाल के दिनों में 'व्हाट्स योर रोमन एम्पायर?' जैसे टिकटॉक ट्रेंड्स के साथ ये फिर से चर्चा में कैसे आ गया है बियर्ड ने अपनी रोचक किताब, 'ट्वेल्व सीज़र्स' के बारे में बात की। ऐतिहासिक किरदारों को चित्रित करने की प्रक्रिया पर उन्होंने कहा, ₹यह चित्रण का मुद्दा है... यह शासक को देखने का एक तरीका है, यह पूरी तरह से इस पर निर्भर नहीं है कि शासक दिखने में कैसा है₹ उनके साथ सत्र में थे इतिहासकार पीटर फ्रैंकोपैने

'गुलज़ार साहब' सत्र में यतीन्द्र मिश्र की नई किताब के माध्यम से गुलज़ार साहब के जीवन और समय पर चर्चा हुई यह किताब पिछले दो दशकों में गुलज़ार साहब और यतीन्द्र मिश्र के संवाद पर आधारित है इसका अंग्रेजी अनुवाद किया है सत्या सरन ने गुलज़ार साहब के प्रशंसकों से वेन्यु ठसाठस था, जो गुलज़ार साहब की एक झलक देखने को बेताब थे गुलज़ार साहब ने भी उन्हें निराश न करते हुए, उनसे दिल खोलकर बात कीआइडेंटिटी ट्रैप' सत्र में लेखक यस्चा मोंक, बद्री नारायण और पत्रकार श्रीनिवासन जैन ने पत्रकार प्रज्ञा तिवारी के साथ संवाद में आज के राजनीतिक क्षेत्र में पहचान, विचारों और व्यक्तिवाद की अंतर्निहित प्रकृति पर चर्चा की। यस्चा मोंक ने जर्मनी में बिताए बचपन, श्वेत विशेषाधिकार, नस्ल अंतर और पश्चिम में नस्ल प्रोत्साहन पर अपना अनुभव साझा कियो पत्रकार श्रीनिवासन जैन ने एक लेखक के रूप में अपने अनुभव और अपनी नई किताब, 'लव जिहाद एंड अदर फिक्शन्स' पर बात की यह किताब गलत सूचना और अल्पसंख्यकों के खिलाफ साजिश के सिद्धांतों से उत्पन्न भारत की उभरती दरारों का एक विस्तृत विवरण है उन्होंने कहा, ₹...लोकतंत्र तभी फलता-फूलता है जब उसका आधार साझा तथ्यों और साझा सच्चाइयों पर टिका होता है₹ कवि और शिक्षाविद बद्री नारायण ने कहा कि दलितों की क्षमता को सही तरह से काम में लाया जाना चाहिऐ उन्होंने भारत में सामाजिक द्वंद्वों पर काम करने वाले उच्च जाति के लेखक के रूप में आने वाली चुनौतियों पर भी बात की।

बेस्टसेलिंग इतिहासकार बेन मैकिनटायर की नई नॉनफिक्शन किताब, 'कोल्डिट्ज़ः प्रिज़नर्स ऑफ़ द कैसल', इतिहास की सबसे कुख्यात जेल की सच्ची कहानी है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मित्र देशों के अधिकारियों के लिए युद्ध शिविर की जेल के रूप में कोल्डिट्ज़ को इस्तेमाल किया गया, जहाँ से उन्होंने बार-बार भागने का प्रयास किया था। बेन मैकिनटायर ने सत्र की शुरुआत यह कहकर की,.कोल्डित्ज़ की वास्तविक कहानी वर्ग, नस्ल, कामुकता, मानसिक स्वास्थ्य और कई अन्य चीजों की कहानी है'' सत्र में, मैकिनटायर ने सम्मान के विषय पर प्रकाश डाला जो कहानी में प्रदर्शित किया गया था क्योंकि कोल्डिट्ज़ के जर्मन अधिकारियों ने भी जिनेवा कन्वेंशन के नियमों का सम्मान किया था, यह स्वीकार करते हुए कि कैदियों के पास कुछ अधिकार थे। मैकिनटायर, जो ज्यादातर युद्ध में जासूसी की भूमिका के बारे में लिखते हैं, ने यह कहकर सत्र समाप्त किया, ₹मुझे लगता है कि मैं इतिहास के महान पुरुषों या इतिहास के पुरुषों और महिलाओं के बजाय दुष्टों को पसंद करता हूं।"

'स्टाइल एंड सब्सटेंस' सत्र में फैशन डिजाइनर तरुण तहिलियानी ने दिलचस्प चर्चा की पत्रकार आलिया अल्लाना के साथ सह-लेखन में लिखी फैशन डिजाइनर तरुण तहिलियानी की किताब 'जर्नी टू इंडिया मॉडर्न' भारतीय फैशन की विरासत को एक जीवंत टेपेस्ट्री के रूप में पेश करती है, जो अतीत और वर्तमान, परंपरा और आधुनिकता के तत्वों को एक साथ जोड़ती है। ताहिलियानी ने अपनी कला के लिए अपनाए गए रास्तों और आज की दुनिया में अपने लक्जरी डिजाइन स्टूडियो के महत्व का खुलासा किया। उन्होंने टिप्पणी की कि उनके अनुभव के अनुसार अगर एक कमरे में तीन महिलाएं एक जैसी पश्चिमी पोशाक पहनती हैं, तो इससे 'क्राइसिस' हो सकता है, लेकिन अगर तीन महिलाएं एक ही साड़ी पहनती हैं, तो अलग-अलग शारीरिक आकृतियों पर साड़ी पहनने के कारण यह पूरी तरह से अलग दिख सकती है। लेखिका शिवानी सिब्बल के साथ संवाद में, ताहिलियानी ने दुनिया भर में फैशन में अपने अन्वेषणों, समय और स्थान में कहानियों को मिलाने के अपने प्रयासों और उन सवालों के बारे में जानकारी साझा की जो वह अपने डिजाइनों के माध्यम से उठाना चाहते हैं। शिवानी ने कहा, ₹मुझे लगता है कि भारतीय महिलाओं ने भारतीय फैशन उद्योग के विकास का समर्थन किया है क्योंकि उन्होंने कभी भी पूरी तरह से पश्चिमी दृष्टिकोण नहीं अपनाया है।

### 'इंस्पिरेशन टू क्रिएशन'.

अधिकांश चिंतकों को क्या चीज प्रेरणा देती है? उनके रचनात्मक प्रयासों को क्या प्रेरणा देता है? उनके सपने हकीकत में कैसे बदलते हैं? सपने देखने की आज़ादी सबसे बहुमूल्य आज़ादी है सैमसंग गैलेक्सी टैब एस९ सीरीज के अपने नये मॉडल के सहज कौशल के माध्यम से सैमसंग डिजिटल कलात्मकता की शक्ति का पता लगाता है। कलाकारों, लेखकों, संगीतकारों, इतिहासकारों, गणितज्ञों और उद्यमियों के एक प्रेरक पैनल ने उन तरीकों पर चर्चा की, जिनसे लगातार बदलती इस दुनिया में कदमताल की जा सकती है।

» हम चाहते थे कि युवा लोग ज्यादा से ज्यादा हमारे साथ जुड़ें क्योंकि उनकी ऊर्जा माहौल को बदल देती है.और दूसरी बात यह है कि हम लोकतांत्रिक पहुंच चाहते थे :–

● **संजॉय के. रॉय**

» ''रचनात्मक प्रक्रिया में व्यक्तिपरकता का क्या स्थान है? मैं खुद को मिटाकर दूसरी आवाजें जगाने में यकीन रखता हूं। मैं खुद को भाषा के प्रति समर्पित करने में विश्वास करता हूं..एक लेखक के रूप में किसी का काम भाषा की सुंदरता को खोदना और तलाशना है :

● **हर्नान डियाज़**

» फेस्टिवल के तीसरे दिन भी कई दिलचस्प सत्र और शानदार वक्ता शामिल होंगे, जिनमें प्रमुख हैं: पुलित्ज़र पुरस्कार से सम्मानित लेखक केय बर्ड, पुरस्कृत जीवनीकार निकोलस शेक्सपियर, साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित लेखक मृदुला गर्ग और फेस्टिवल की को–

● **डायरेक्टर और प्रसिद्ध लेखिका नमिता गोखले**

## संक्षिप्त समाचार

### आपसी सामंजस्य से समस्याओं का हो समाधानः जगत सिंह

● **पंचायत समिति में विधायक ने की जनसुनवाई, ब्लॉकस्तरीय अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**



**चमकता राजस्थान। नदबई, (राजवीर सिंह)** पंचायत समिति परिसर में जनसुनवाई दौरान विधायक जगत सिंह ने ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए विभागीय अधिकारियों को समस्या चिन्हित करने व निर्धारित समयावधि में समाधान करने के दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले उपप्रधान भूपेन्द्र सिंह फौजदार के नेतृत्व में पंचायतीराज जनप्रतिनिधी व अधिकारियों ने माला व साफा पहनाकर विधायक का अभिनंदन किया। बाद में जनसुनवाई दौरान ग्रामीणों ने बिजली-पानी, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण सहित विभागीय योजनाओं का सफल क्रियान्वन नही होने के बारे में बताया। जिस पर विधायक ने विभागीय अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने व अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभान्वित करते हुए प्राथमिकता से समस्या समाधान करने को कहा। साथ ही अनिमितता मिलने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी।जनसुनवाई दौरान विधायक ने अनुपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों को नोटिस देने के निर्देश देते हुए आगामी जनसुनवाई में ब्लॉकस्तरीय अधिकारियों की उपस्थित होने को कहा। साथ ही विकास कार्यो को लेकर बजट की कमी नही होने व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यो को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई दौरान तहसीलदार कैलाश गौतम, पुलिस सीओ हरीराम मीणा, विकास अधिकारी गुलाब सिंह गुर्जर, अधिशाषी अधिकारी दीपा यादव, बीसीएमओ डॉ राहुल कौशिक, सरपंच संघ अध्यक्ष सुजान सिंह सहित जनप्रतिनिधी व अधिकारी मौजूद रहे।

## धौलपुर जिले में लगेंगे खाद्य सुरक्षा अनुज्ञापत्र पंजीकरण शिविर, मौके पर मिलेगा लाइसेंसः डॉ जयंती लाल मीणा

**चमकता राजस्थान।** धौलपुर!(रामदास तरुण)धौलपुर,2 फरवरी।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जयंती लाल मीणा ने बताया कि राजस्थान सरकार के 100 दिन कार्य योजना के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में व्यापारियों को स्वच्छ एवं स्वास्थ्य खाद्य सामग्री के निर्माण भंडारण परिवहन एवं विक्रय से संबंधित जानकारी हेतु फोस्टक ट्रेनिंग, फूड सेफ्टी ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण शिविर एवं खाद्य कारोबार कर्ताओं के लिये मौ×के पर ही लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन पत्र बनवाने के लिए राजाखेड़ा में 5 जनवरी को, सब्जी मंडी धौलपुर में 6 फरवरी को तथा बसई नवाब में 8 फरवरी को शिविर लगाया जाएगा जायेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पद्मसिंह परमार ने बताया कि सौ दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत ईट् राइट स्कूल, ईट राइट कैंपस, ईट राइट स्टेशन ईट राइट क्लीन स्ट्रीट हब,ईट राइट ग्रीन फ्रूट एंड वेजिटेबल मार्केट, ईट राइट प्लेस वरशिप की योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा । सभी खाद्य कारोबार कर्ता इस ट्रेनिंग में आकर ज्ञानवर्धन के साथ साथ मौके पर ही खाद्य लाइसेंस रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे।

## किशनगढ़ में परिवहन आयुक्त मनीष अरोडा के निर्देशन में परिवहन विभाग एक्शन मोड़ में आया नजर

चमकता राजस्थान



**किशनगढ़,(शंकर शर्मा)।** किशनगढ़ जयपुर अजमेर हाईवे को ओवरलोड मुक्त बनाने का अभियान परिवहन आयुक्त नेमीचंद पारीक के सुपरविजन में जिला परिवहन अधिकारी एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों ने ओवरलोड वाहनो के चालान काटने की प्रभावी कार्यवाही हुई किशनगढ़ परिवहन दस्ते ने 51ओवरलोड वाहनों के चालान काट 3.50लाख रु की राजस्व वसूली करी किशनगढ़ जिला परिवहन अधिकारी एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारीयों की टीम ने हाइवे पर मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का पूरी तरह से निर्वहन किया ओवरलोडिंग वाहनों व हाइवे पर चलने वाले अवैध वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई इस दौरान किशनगढ़ जिला परिवहन अधिकारी यशपाल यादव आरटीओ सुधीर सहवालिया,मोहमद फिरोज,राजेन्द्र मीणा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी की सहभागिता रही इस कार्यवाही से भविष्य में ओवरलोडिंग करने से परिवहन मालिक सोचने को मजबूर होंगे

## 22 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बड़े हर्षोल्लास और उमंग से मनाया स्वामी विवेकानंद का जन्मोत्सव

चमकता राजस्थान



**किशनगढ़,(शंकर शर्मा)** किशनगढ़ स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव पर्व के प्रभारी मुकेश काकड़ा ने अवगत कराया कि विवेकानंद आश्रम किशनगढ़ में स्वामी विवेकानंद जी का 162वां जन्मोत्सव आज हर्षोउल्लास से मनाया गया ।सचिव सुभाष सेकसरिया ने बताया कि प्रातः 8:00 बजे से हवन ,पूजा,आरती के साथ श्री रामकृष्ण परमहंस, माताजी एवम स्वामी विवेकानंद के चित्रपट पर माल्यार्पण कर पूजा कक्ष को सजाया गया, पूरे आश्रम को रंगोली एवम पुष्पों द्वारा सजावट की गई । आश्रम की सेवा में समर्पित दयाराम सेकसरिया ने सपत्नीक हवन,पूजा में बैठकर विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान को सम्पादित किया ।कार्यक्रम संयोजक मुकेश काकड़ा ने किशनगढ़ की विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता को करवाया किशनगढ़ के 22 विद्यालयों के 65 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया । प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में पूर्व प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय किशनगढ़ एवम पूर्व नगर संघ चालक किशनगढ़ के रामप्रसाद शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनगढ़ के पूर्व प्राचार्य रामचन्द्र शर्मा एवम श्री खांडल विप्र समाज के पूर्व अध्यक्ष तथा माधव विद्या पीठ के शिक्षण मंडल के अध्यक्ष प्र''ाद चोटियां थे प्रतियोगिता के प्रारंभ में काचरिया पीठ किशनगढ़ के श्री कृष्ण देवाचार्य जी महाराज का स्वागत सेकसरिया परिवार के अशोक सेकसरिया एवम दयाराम सेकसरिया बे शाल एवम माल्यर्पण कर पूज्य पाद का अभिनन्दन किया, साथ ही निर्णायक मंडल के रामप्रसाद शर्मा का डॉ अनिल पालीवाल , रामचन्द्र शर्मा का सुभाष सेकसरिया एवम प्र''ाद चोटियां का अभिनन्दन रामस्वरूप सेन ने माल्यर्पण कर किया । प्रतियोगिता को दो वर्गों कनिष्ठ वर्ग एवम वरिष्ठ वर्ग में विभाजित किया गया कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान अंशु जोशी ,द्वितीय स्थान याशिका जोशी अग्रवाल बालिका स्कूल,द्वितीय ही स्थान पर महाराजा सुमेर सिंह पब्लिक स्कूल के जिनिशा एवम आदित्य मित्तल ने संयुक्त स्थान प्राप्त किया , तृतीय स्थान सागर जैन विद्यालय की आरुषि शर्मा ने प्राप्त किया वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान अनुप्रिया राठौड़ व द्वितीय स्थान अवनी दाधीच अग्रवाल बालिका विद्यालय एवम तृतीय स्थान महाराजा सुमेर सिंह स्कूल की ऋषिका ने प्राप्त किया । कार्यक्रम में शिवांश सेकसरिया, नेमीचंद सोनी, गोपीचंद मालाकार आदि में सहयोग दिया । विभिन्न विद्यालय से पधारे हुए अध्यापक अध्यापिकाओं को भी सम्मानित किया गया । व्याख्याता रतनलाल शास्त्री ने ओजपूर्ण वाणी में कविता सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । आचार्य प्रवर श्री कृष्ण देवाचार्य जी ने सभी बच्चो को विवेकानंद के संदेशों को गृहण करके जीवन मे आत्मसात करने का आ''ान किया और सभी से भविष्य में विवेकानंद बनने के लिए प्रेरणादायी विचार अपनाने का मंत्र दिया । प्राचार्य रामचन्द्र शर्मा ने सभी बच्चो को साधुवाद दिया । अंत मे सभी विजेताओं एवम प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम संचालन मुकेश काकड़ा ने किया । अंत मे सभी ने अन्न प्रसाद ग्रहण किया ।

## संक्षिप्त समाचार

### नृत्य में सुषमा व मनोरमा ,गायन में काजल अव्वल

● ग्रामीण स्तरीय ओपन सांस्कृतिक प्रतियोगिता

**चमकता राजस्थान। भुसावर(राजवीर सिंह)** हलैना स्थित चौधरी शिक्षण संस्थान एवं सीकेसी समूह की ओर से गांव हन्तरा स्थित चौधरी कन्या महाविद्यालय पर जिला स्तरीय ग्रामीण ओपन सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षाविद्व मास्टर हरिराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं सीकेसी समूह के चेयरमेन विजयपाल सिंह,प्रो.सुग्रीव सिंह,प्रो.धनवीर सिंह,पण्डित मदनमोहन व अजय सिंह विशिष्ठ अतिथि रहे,जबकि अध्यक्षता छत्तर सिंह गुड्डू ने की। नृत्य में सुषमा व मनोरमा ने प्रथम,काजल ने द्वितीय व प्रियकां ने तृतीय,गायन में काजल चौधरी ने प्रथम,खूशबू ने द्वितीय व मनोरमा ने तृतीय ,कविता पाठ में सुषमा सैनी ने प्रथम,आभा ने द्वितीय व मुस्कान ने तृतीय,रंगोली में खुशबू ने प्रथम,गुडिया मीणा ने द्वितीय व राधा ने तृतीय ने प्राप्त किया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमे देश व समाज सेवा का ज्ञान देती है और भाई चारा व प्रेम की भावना जागरूक करती है। समय-समय पर सामुहिक कार्यक्रम होते रहने चाहिए,जिससें युवा पीढी में भारतीय संस्कृति का ज्ञान प्राप्त हो सके और विदेशी संस्कृति का प्रभाव नही पड सके। कार्यक्रम प्रभारी अजय गोदारा ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता रही समस्त युवतियों को पुरूस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर ,शारदा चौधरी,अन्जली कुमारी,चांदनी कुमारी,दीपा देवी, विजयलक्ष्मी,भागवती देवी नन्दराम,जयसिंह, महेश चन्द,कुलदीप,सुरेन्द्रसिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।



### कृषि मंत्री किरोडीलाल मीणा शनिवार को रहेंगे धौलपुर दौरे पर

**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण )** जिला धौलपुर में आज 3/2/2024 फरवरी को किरोड़ी लाल मीणा, मंत्री कृषि एवं उद्यानिकी, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबन्धन एवं सहायता एवं नागरिक सुरक्षा व जन अभियोग निराकरण विभाग के शनिवार को धौलपुर जिले में दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे दोपहर 2 बजे सरमथुरा में स्वागत सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे। इसके बाद वे बिजोली में 4 बजे महिला समूह कार्यक्रम में भाग लेंगे।



### अराई उपखंड परिक्षेत्र के फीडरों में आवश्यक रख रखाव एवं मरम्मत सुधार कार्य करने से विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**चमकता राजस्थान। अराई !(शंकर शर्मा)।** अराई अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अराई सब डिवीजन के सहायक अभियंता ने अवगत कराया कि अराई उपखण्ड कार्यालय के अधीन संचालित 33/11 केवी जी.एस.एस झीरोता एवं सिरोंज से निकलने वाले समस्त फीडरों की विद्युत आपूर्ति दिनांक 03.02.2024 को प्रातः 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक आवशयक रखरखाव एवं मॅन्टेनेंस के कारण बाधित रहेगी साथ ही 132 केवी जीएसएस से निकलने वाले वाटर वर्क्स फीडर की भी विद्युत आपूर्ति प्रातः 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। साथ ही 33/11 केवी जीएसएस अराई से निकलने वाले 11 केवी अराई फीडर के तहसील क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।जनहित में उपरोक्त सूचना प्रसारित की जा रही है ताकि होने वाली असुविधा से सभी सूचित रहकर अपना कार्यक्रम आयोजित कर सकें।

### विश्व कैंसर दिवस पर लगेंगे स्क्रीनिंग जागरूकता कैम्प

● मुख्य रूप से तीन कॉमन कैंसर मुंह,स्तन, गर्भाशय कैंसर की स्क्रीनिंग की जायेगी : डॉ विजय सिंह फौजदार

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर प्रथम,2 फरवरी ' कैंसर रोग से बचाव, उपचार के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस पर जिला अस्पताल सहित अन्य समस्त चिकित्सा संस्थानों एवम समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कैंसर स्क्रीनिंग व जागरूकता शिविर आयोजित होंगे। सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से तीन कॉमन कैंसर मुंह, स्तन व गर्भाशय कैंसर की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस साल की थीम वर्ल्ड कैंसर डे 2022-24 क्लॉज द केयर कैप पर जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित होगी, जिसमें होर्डिंग्स, बैनर, पेम्फलेट के माध्यम से लोगों को कैंसर के जोखिम के बारे में जागरूक किया जाएगा। स्कूल कॉलेजों में भी कैंसर संबंधी वाद विवाद प्रतियोगिताएं, संगोष्ठी व जागरूकता रैलियां आयोजित की जाएंगी।

### नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुक्मणी रियाड ने श्री अन्नपूर्णा रसोई का किया औचक निरीक्षण

● लिया व्यवस्थाओं का जायजा दिये आवशयक दिशा-निर्देश

**चमकता राजस्थान।** जयपुर (खलील कुरैशी)आयुक्त महिला आयोग ,गांधीनगर, टोंक रोड एवं महिला कामकाजी छात्रावास लाल कोठी सब्जी मंडी स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई पहुंचीनगर निगम ग्रेटर की श्री अन्नपूर्णा रसोई प्रभारी सरिता चौधरी भी रही मौजूदआयुक्त ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा सफाई व्यवस्था, रजिस्टर संधारण, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को परखा आयुक्त ने श्री अन्नपूर्णा रसोई में बैठकर भोजन भी किया इसके साथ ही वहां खाना खा रहे आमजन के साथ भी संवाद किया आयुक्त ने श्री अन्नपूर्णा रसोई में आमजन के फीडबैक के लिए रजिस्टर रखने के भी दिए निर्देश।



# अज्ञात चोरो ने दुकान में सैंध लगाकर की चोरी, विरोध में हलैना बाजार बन्द

## एएसपी लाखन सिंह मीणा के आश्वासन पर खुला बाजार एमआई यूनिट ने लिए फिगर नमूना, पुलिस ने खंगाला सीसीटीवी फूटेज

चमकता राजस्थान

**हलैना (राजवीर सिंह)**अज्ञात सैंध चोर ग्रिरोह ने कस्बा हलैना के महाराजा अग्रसेन बाजार स्थित एक रेडिमेट कपडा की दुकान में पीछवाडा से सैंध लगा कर करीब सवा लाख रूपए से अधिक का रेडिमेट कपडा व अन्य सामान चुरा कर ले गए,आए दिन बाजार में चोरी व अन्य प्रकार की वारदात के विरोध में व्यापारियों ने धरना देकर बाजार बन्द रखा। चोरी की सूचना प्राप्त होते ही हलैना थाना के एएसआई हुकुम सिंह व हेड-कांस्टेबिल मोहन सिंह मय जाप्ता के बाजार आए और घटना स्थल व दुकान का निरीक्षण कर पीडित दुकानदार से चोरी गए सामान की जानकारी लेकर चोरी व बाजार बन्द की जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा एवं वैर सर्किल के एएसपी लाखन सिंह मीणा आदि को जानकारी दी और जिला मुख्यालय से एमआई यूनिट टीम बुलाई,जिस टीम ने सैंध स्थल व दुकान के अन्दर से फ्रिगर नमूना लिए और बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाला। स्थानीय पुलिस ने बाजार को खुलवाने एवं धरना समाप्त के अनेक प्रयास किए,लेकिन कस्बा के व्यापारी व गणमान्य लोग अपनी पाचं सूत्रीय मांगों को लेकर पुलिस प्रशासन व आलाधिकारियों के धरना स्थल पर आने की जिद्द पर अड गए। बाजार बन्द व व्यापारियों के धरना की भनक लगते ही वैर सर्किल के एएसपी लाखन सिंह मीणा आए,जिन्होने चोरी हुई दुकान का निरीक्षण कर पीडित दुकानदार व अन्य व्यापारियों से जल्द चोरी का खुलासा करने तथा कस्बा सहित बाजार की सुरक्षा व्यवस्था दुरस्त करने का आश्वासन दिया,साथ ही स्थानीय पुलिस को चोरी का सुराग लगाकर खुलासा करने के निर्देश दिए। जिसके बाद व्यापारियों ने बाजार खोल दिया। थाना के कार्यवाहक थाना प्रभारी हुकुम सिंह ने बताया कि कस्बा निवासी चन्दमोहन गर्ग उर्फ चन्दा की दुकान में चोरी की सूचना प्राप्त हुई,सूचना प्राप्त होते ही मय जाप्ता के बाजार पहुंचे,जहां अज्ञात चोरो के द्वारा दुकान में सैंध लगाकर की चोरी का निरीक्षण कर पीडित दुकानदार से जानकारी ली। साथ आलाधिकारियों को अवगत कराया और भरतपुर से एमआई यूनिट टीम बुलाई,जिस टीम के एएसआई बहादुर सिंह व अन्य सदस्यों ने दुकान के अन्दर एवं सैंध वाले स्थल सहित आसपास के फिंगर नमूना लेकर बाजार में लगे निजी सीसीटीवी कैमरा खंगाले,लेकिन अभी तक चोरो का सुराग नही लगा। उन्होने बताया कि व्यापारियों ने बाजार बन्द रख धरना शुरू कर दिया,पुलिस ने व्यापारियों को समझाया कि चोरी का जल्द सुराग लगाएंगे और चोरी की वारदात रोक कर रात्रि गस्त तेज की जाएंगी,लेकिन व्यापारी आलाधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड गए,जिसको देख वैर से एएसपी लाखन सिंह मीणा आए और व्यापारियों से वार्ता कर बाजार खुलवा दिया। पुलिस एवं व्यापारियों के मध्य वार्ता हुई,जिस वार्ता में पूर्व सरपचं वासुदेव गोयल,जिला परिषद सदस्य राकेश किराड,खाद-बीज विक्रेता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश गर्ग व जिला उपाध्यक्ष सन्तोष मित्तल,जिला युवा जाट महासभा के जिलाध्यक्ष अन्नू ठाकुर, जिला व्यापार समिति के जिला सचिव विनोद मित्तल,पंचायत समिति सदस्य संजय सिंघल, टिंकू जिन्दल कपडा वाला, योगेश जिन्दल, व्यापार महासभा अध्यक्ष सुदेश शर्मा दवा वाला, सतीश मंगल आदि उपस्थित थे।







### प्रदर्शनकारी व्यापारियों की मांग

» चोरी के विरोध में धरना देकर बाजार बन्द करने वाले व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से चोरी काखुलासा,रात्रि में पैदल गस्त,रोशनी व्यवस्था,दिन में व्यापारी व ग्राहक की सुरक्षा,सीसीटीवी कैमरा लगवाना,रात्रि में घूमने वाले अनजान व बाहरी लोगों की रोकथाम,साल 2023 से अब तक हुई चोरियों का सुराग लगाना आदि मांग रखी,जिसके साथ ही सांसद व विधायक कोष से बाजार में सीसीटीवी कैमरा लगवाना और रोड लाइट व्यवस्था की मांग रखी।

### दुकान में उजाला देख उडे होश

» पीडित दुकानदार चन्दमोहन गर्ग ने प्रतिदिन की तरह सुबह करीब आठ बजे दुकान खोली,तो उसे दुकान के अन्दर उजाला दिखाई दिया,जिसे देख उसके होश उड गए। उनके देखा कि दुकान के पीछवाडा से किसी व्यक्ति ने सैंध लगा कर चोरी की है। दीवार को टूटी एवं सामान गायब देख बाजार के अन्य दुकानदारों को बताया कि चोरी हो गई और पुलिस को सूचना दी।

### कैमरा में नजर आए चोर

» पुलिस ने बाजार में स्थित मुकेश कृषि विकास केन्द्र एंव महेश गर्ग खाद वाला कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाले,जिसमें रात्रि को करीब 1 बजे अज्ञात पांच चोरों की झलक नजर आई,जिनकी आयु 18 से 25 साल तक होगी,ये सभी मुख पर कपडा ढके हुए नजर आए। कैमरा में अज्ञात चोरो से करीब 15मिनिट पहले पुलिस की गाडी नजर आई,जो पहले कटरा बाजार की ओर जाती एवं उसके बाद गाडी लवानियां बाजार की ओर जाती दिखाई दी।

## विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह

### शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के वास्तविक विकास का उत्तम मार्ग हैं : कुलदीप धनकड़

चमकता राजस्थान

**शाहपुरा (खलील कुरैशी)** विराटनगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवानपुरा में वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन विराटनगर विधानसभा के जनसेवक और लोकप्रिय विधायक कुलदीप धनकड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। विधायक धनकड़ ने सरस्वती मां की विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद वार्षिकोत्सव छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि निजी संस्थाओं को आगे बढ़कर सार्वजनिक एवं सरकारी संस्थानों में हिस्सा लेकर जनहित कार्य करने में हिस्सा लेना चाहिए इसके साथ ही विद्यालयों में उच्च मानवीय मूल्यों एवं आदर्शों के साथ साथ नैतिकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय हितैषी विषयों आधुनिक तकनीकी उच्च गुणवत्ता शिक्षा व्यवस्था का समुचित प्रबंधन भी करना चाहिए जिससे समाज, प्रदेश और देश को विकास की नयी राहें मिल सकें।



### ये रहे मौजूद

» इस दौरान सचिव महावीर प्रसाद शर्मा, विशिष्ट अतिथि जयराम जाट सरपंच, पुर्व सरपंच सीताराम शर्मा, प्राचार्या शीला मीणा, जयसिंह पारीक पूर्व जिला पार्षद, लालचंद शर्मा, जगदीश प्रसाद कुल्हाडिया, अर्जुन यादव, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जोधपुर सेंट्रल जेल की तलाशी में मिले चार मोबाइल व एक चार्जर

**चमकता राजस्थान। जोधपुर 02 फरवरी।** पुलिस-प्रशासन और जेल विभाग द्वारा गुरुवार देर रात जोधपुर सेंट्रल जेल की तलाशी में एक एंड्रॉयड व तीन कीपैड मोबाइल के साथ एक चार्जर बरामद किया गया है। बरामद मोबाइल के कॉल डिटेल व डाटा रिकवर किया जाकर अग्रिम अनुसंधान जारी है।जेल में मोबाइल व अन्य निषेध सामग्री के प्रयोग की सूचना पर जोधपुर कमिश्नर रवि दत्त गौड़ व डीसीपी ईस्ट अमृता दुहन के निर्देश पर गुरुवार रात करीब 10:30 बजे से 11:40 बजे तक पुलिस-प्रशासन एवं जेल स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से सेंट्रल जेल जोधपुर में तलाशी अभियान चलाया गया तलाशी के दौरान एनएलजीडी एवं तलाशी उपकरणों से वार्ड, बैरिक, बिस्तर, शौचालय एवं जेल परिसर की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वीवो कंपनी का एंड्राइड मोबाइल मय चार्जर और तीन कीपैड मोबाइल मिले। इस संबंध में थाना रातानाडा में मुकदमा दर्ज कर बरामद मोबाइलों की कॉल डिटेल व डाटा रिकवर किया जा रहा है।इस कार्रवाई में एडीसीपी नाजिम अली, एसडीएम नॉर्थ पंकज कुमार, एसएचओ महामंदिर मांगी लाल, एसएचओ करवड हनुमान सिंह, एसएचओ माता का थान शिवलाल, एसएचओ रातानाडा नरेश मीणा व थाना रातानाडा से एसआई भंवर सिंह मय जाब्ता एवं जेल अधीक्षक राजपाल सिंह, उपाधीक्षक सौरभ स्वामी, कारापाल हडवन्त सिंह, उप कारापाल तुलसीराम मय जेल स्टाफ शामिल थे।

### एसडीएम सुरेश हरसोलिया व तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्नपूर्णा रसोई का किया निरीक्षण

**चमकता राजस्थान।** भुसावर (राजवीर सिंह)जिला कलेक्टर के दिशा निर्देश की पालना में तहसीलदार सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निठार का औचक निरीक्षण किया गया ! निरीक्षण दौरान सफाई व्यवस्था अच्छी मिली एवं समय पर मरीजों के देखभाल एवं चिकित्सालय के बेडशीट, चद्दर ,पर्दे सभी सफाई व्यवस्था अच्छी मिली ! इसके साथ ही अन्नपूर्णा रसोई निठार का भी निरीक्षण किया गया अन्नपूर्णा रसोई में सफाई ,पानी की उचित व्यवस्था नहीं मिली एवं अन्नपूर्णा रसोई पर मैनू चार्ट एवं अन्नपूर्णा रसोई का बोर्ड लगा हुआ नहीं मिला।तहसीलदार सुरेंद्र कुमार द्वारा अन्नपूर्णा रसोई निठार में खाने की जांच की गई जिसमें खाने की गुणवत्ता अच्छी पाई गई साथ ही अन्नपूर्णा रसोई संचालक द्वारा अवगत करवाया गया कि अन्नपूर्णा रसोई में न तो इनवर्टर है और न ही इंटरनेट की सुविधा है जिस कारण टोकन काटने में समस्या का सामना करना पड़ता है उक्त समस्या के निस्तारण हेतु तहसीलदार द्वारा विकास अधिकारी मोहनलाल शर्मा को शीघ्र समस्या का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी शैलेश शर्मा रहे मौजूद।

उपखण्ड अधिकारी सुरेश हरसोलिया ने छोकरवाड़ा पर श्री अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण किया। उपखंड अधिकारी कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री अन्नपूर्णा रसोई पर मैनू के हिसाब से संतुष्टि पूर्ण कार्य किया जा रहा था एवं साफ सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक पाई गई। उपखंड अधिकारी ने खाना खाने वालों से भी जानकारी हासिल की तथा 8रूपये का टोकन कटवा कर खाना खाया।





## पौषबडा महोत्सव एवं अधिवक्ता सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

### कार्यक्रम में सभी महानुभाव आंगुतकों ने पौषबडा प्रसादी का जमकर लिया आनंद

चमकता राजस्थान

**मनोहरपुर। (खलील कुरैशी)** जयपुर ग्रामीण की नगरपालिका मनोहरपुर स्थित ब्राह्मण समाज धर्मशाला में पौषबडा महोत्सव कार्यक्रम और अधिवक्ता सम्मान समारोह कार्यक्रम का आत्मीय स्नेह वंदन आयोजन किया गया। इसके तहत उपस्थित सभी आगंतुकों ने पौषबडा प्रसादी का जमकर आंनद लिया इसके साथ ही इस अवसर पर शाहपुरा बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और युवा समाजसेवी मुकेश कुमार शर्मा का ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ गणमान्यजनों, अधिवक्ता साथियों तथा मनोहरपुर स्थानीय प्रबुद्धजनों ने गर्मजोशी से माल्यार्पण कर साफा बंधवाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। गौरतलब है अधिवक्ता मुकेश कुमार शर्मा लगातार अपनी सक्रिय समाजसेवा और जनकल्याणकारी एवं जागरूकता, चेतनावादी क्रियाशीलता के कारण हमेशा सकारात्मक चर्चा में रहते हैं इस मौके पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अधिवक्ता मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि मैं आप सभी का आभारी हूं की आप सभी ने मुझे इतना मान सम्मान और प्यार स्वरुप आशीर्वाद दिया है निश्चित रूप से सम्मान से हौसला अफजाई होती हैं

● सम्मान से मिलती है सकारात्मक उर्जा और बढ़ता है हौसला:- एडवोकेट मुकेश कुमार शर्मा



● कार्यक्रम में ये गणमान्य रहे मौजूद

» कार्यक्रमों इस मौके पर मुकेश कुमार शर्मा, मुकेश व्यास, दीपेन्द्र भारद्वाज, शिव कुमार, बाबूलाल देवेंदा, कैलाश बुनकर, कमलेश सैनी, विवेक शर्मा, एडवोकेट सुनील शुक्ला, सलमान खान, हजारी मीणा, एडवोकेट उपेन्द्र आत्रेय, एडवोकेट कमल अग्रवाल, अर्जुन मोहनपूरिया, सुरेन्द्र व्यास, अजय पंच, अशोक खरवास, शम्भू दयाल शर्मा, एडवोकेट राहुल मिश्रा चन्द्र प्रकाश हलकारा, मुकेश गुर्जर रामवतार हलकारा, मंगल सैनी प्रेम प्रकाश हलकारा, मनीष आत्रेय,शुभम कमल शर्मा, महिपाल सिंह गुर्जर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### आम सूचना

मैं परसराम जाति कुशवाहा पुत्र चुन्नालाल उम्र 76 वर्ष निवासी शंकरा का पुरा जलालपुर जिला धौलपुर राजस्थान का निवासी हूं! यह है कि (1).मैं बहल्फ सही बयान करता हूं! कि मेरा पुत्र गीताराम है ' जो कि मुझेसे 5 साल से अलग रहता है!(2).मैं बहल्फ सही बयान करता हूं कि मेरे पुत्र गीताराम गलत लोगों की संगत में रहकर गलत कार्य करता है! दारू पीता है, चोरी करता है, जुआ खेलता हैं,सट्टा लगता है! अन्य दो नंबर के कार्य करता है! इसलिए में अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल भी करता हूं!(3).मैं बहल्फ सही बयान करता हूं कि मेरे पुत्र गीताराम से मेरा वह मेरे परिवार का कोई संबंध व सरोकार नहीं है! अगर कोई व्यक्ति गीताराम से संबंध व सरोकार रखता है! या लेनदेन करता है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं उन्हें की रहेगी! मेरा और मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं होगा! ना ही भविष्य में रहेगा!(4).मैं बहल्फ सही व्यान करता हूं की शपथ पत्र की मद संख्या 1 लगायात 3 मेरे जाति इल्म से सही है! कुछ भी गलत नहीं है! ईश्वर मेरी मदद करें! तस्दीक आज दिनांक :- 02/02/2024 को की गई!
**हस्ताक्षर ब्यानकर्ता :- परसराम**

संक्षिप्त समाचार

## 14 दिन से लापता नाबालिग की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, निशानदेही पर बच्चे का शव पुलिस ने किया बरामद



**चमकता राजस्थान**। नागौर 02 फरवरी। 14 दिन से लापता नाबालिग छात्रा के अपहरण के मामले का थाना कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में नाबालिग को अगवा कर हत्या करने के मामले में आरोपी रसूल मोहम्मद उर्फ बबलू घोसी पुत्र जरूर मोहम्मद निवासी वार्ड नंबर 40 को गिरफ्तार किया गया है।एसपी नारायण टोगस ने बताया कि 19 जनवरी को कुम्हारी दरवाजा हाल शीतला माता मंदिर के पीछे के निवासी पुखराज नायक ने रिपोर्ट दी कि उसका बेटा सुबह 8:30 बजे बाइक से स्कूल गया था। 9:30 बजे स्कूल से कॉल आया कि आपका बच्चा स्कूल नहीं पहुंचा है। उसके बाद हमने परिवार, रिश्तेदार और बच्चे के दोस्तो से पूछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी टोगस द्वारा बच्चे की तलाश के लिये एडिशनल एसपी सुमित कुमार व सीओ ओम प्रकाश गोदारा के सुपरविजन एवं एसएचओ कोतवाली रमेन्द्र सिंह हाडा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा 14 दिन से नाबालिक छात्रा के अपहरण के मामले में आरोपीय रसूल मोहम्मद उर्फ बबलू घोसी को नागौर कस्बे से गिरफ्तार किया। जिसकी निशांदेही पर बालक का शव बरामद किया गया। गठित टीम द्वारा आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

## राजस्थान में 20 साल बाद बदलेगा इतिहास

- **स्वतंत्र वित्त मंत्री दिया कुमारी भजनलाल सरकार का पहला बजट करेगी पेश**



**चमकता राजस्थान**। जयपुर (खलील कुरैशी)देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को बजट पेश किया। अब राजस्थान में लोगों की नजरें भजनलाल सरकार के बजट पर टिक गई है। इस बार भजनलाल सरकार ने 20 सालों में पहली बार स्वतंत्र रूप से वित्त मंत्री बनाया गया है।स्वतंत्र वित्त मंत्री के रूप में पहली बार होगा बजट पेश ऐसे में वित्त मंत्री के रूप में दिया कुमारी 8 फरवरी को पहला बजट पेश करेगी। इससे पहले बीजेपी हो या कांग्रेस, उनके मुख्यमंत्री ही बजट पेश करते थे। हालांकि यह बजट पूर्ण कालिक नहीं होकर लेखानुदान होगा। लेकिन फिर भी सियासत की नजरें राजस्थान की वित्त मंत्री दिया कुमारी पर रहेगी

- **राजस्थान में 20 साल बाद बदलेगा इतिहास, दीया कुमारी पेश करेंगी राजस्थान का पहला बजट**

कुमारी के बजट को लेकर इंतजार कर रही है। भजनलाल सरकार 8 फरवरी को लेखानुदान सदन में प्रस्तुत करेगी और जिसे पारित भी करवाया जाएगा। दिया कुमारी पिछले 20 सालों के बाद पहली ऐसी वित्त मंत्री है। जो सरकार का बजट पेश करेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ही बजट पेश करते थे। इस दौरान वर्ष 2003 से 2023 तक दो बार मुख्यमंत्री के रूप में वसुंधरा राजे और इतनी ही बार अशोक गहलोत ने वित्त मंत्री के तौर पर बजट प्रस्तुत किया है। ऐसे में आने वाले बजट को लेकर सियासत के नजरें दिया कुमारी पर टिकी हुई है।

## ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने शिक्षा मंत्री को प्राथमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में स्वच्छता विषय पर अध्याय शामिल करने के संदर्भ में लिखा पत्र

- **प्राथमिक शिक्षा के उच्चतम मानकों को हासिल करने के लिये स्वच्छता के महत्वपूर्ण सिद्धातों का अध्ययन स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण करने में निभायेगा अहम भूमिका :-डॉ. सौम्या गुर्जर**

**चमकता राजस्थान**। जयपुर !(खलील कुरैशी)02 फरवरी। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने माननीय शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावार को पत्र लिखकर प्राथमिक शिक्षा के पाठयक्रम में स्वच्छता विषय पर अध्याय शामिल करने हेतु सुझाव दिया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महत्वाकांक्षी अभियान स्वच्छता ही सेवा के तहत यदि बच्चों को बचपन से ही स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाये तो उनके व्यक्तित्व वृद्धि के साथ-साथ देश की वृद्धि को बढ़ावा देने के लिये बेहतर शुरूआत होगी। क्योकि केवल स्वच्छता मिशन की सफलता ही भारत में बहुत बड़ा बदलाव ला सकती है। प्राथमिक शिक्षा के उच्च मानकों को हासिल करने के लिये स्वच्छता के महत्वपूर्ण सिद्धान्तों का अध्ययन करना अत्यन्त आवशयक है।इस संबंध में महापौर ने शिक्षा मंत्री को सुझाव दिया कि प्राथमिक शिक्षा केपाठ्यक्रम में स्वच्छता का एक विशेष अध्याय शामिल किया जाये। जिसमें बच्चों को स्वच्छता के महत्व, स्वच्छता के लाभ और वातावरण को साफ-सुथरा बनाये रखने के लिये आवशयक सामग्री का ज्ञान हो। जिससे बच्चें बचपन से ही स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर एक स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण कर भागीदार बन सके।



# जयपुर विकास प्राधिकरण ने दो अवैध बिल्डिग को किया सील

### जोन 9 में अनुमोदित आवासीय योजना महल बी ब्लॉक में आवासीय भूखण्ड में हो रहा था व्यवसायिक होटल का अवैध संचालन




चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी)02 फरवरी। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-09 में अनुमोदित आवासीय योजना महल बी ब्लॉक के आवासीय भूखण्ड संख्या-बी64 में 04 मंजिला बिल्डिग में व्यावसायिक होटल का संचालन करने पर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। साथ ही अनुमोदित आवासीय योजना महल बी ब्लॉक के भूखण्ड संख्या-बी21 आवासीय भूखण्ड में व्यावसायिक गतिविधि संचालन करने पर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित अनुमोदित आवासीय योजना महल बी ब्लॉक के भूखण्ड संख्या-बी64 आवासीय भूखण्ड में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यवसायिक रूप से होटल कर्मा इन का संचालन करने पर भू-स्वामी को धारा 32 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर व्यावसायिक गतिविधि बन्द करने हेतू पाबंद किया था। तत्पश्चात व्यवसायिक गतिविधियां बन्द नहीं करने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 02.02.2024 को उक्त 04 मंजिला अवैध बिल्डिग के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईटों की दीवार चुनवाकर गेटों पर ताले सील चपडी लगा कर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुए व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी।

जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित अनुमोदित आवासीय योजना महल बी ब्लॉक के भूखण्ड संख्या-बी21 आवासीय भूखण्ड में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बेसमेन्ट में व्यवसायिक रूप से प्रीस्कूल एंड डे केयर का संचालन करने पर भू-स्वामी को धारा 32 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर व्यावसायिक गतिविधि बन्द करने हेतू पाबंद किया था। तत्पश्चात व्यवसायिक गतिविधियां बन्द नहीं करने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 02.02.2024 को उक्त अवैध बिल्डिग के बेसमेन्ट प्रवेश द्वारों सीढ़ियों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईटों की दीवार चुनवाकर गेटों पर ताले सील चपडी लगा कर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुए व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी। उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन-चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-09,10,10ए,11, तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## राजधानी जयपुर में 3 से 5 फरवरी तक तीन दिवसीय दीनी तब्लीग़ी इज्तिमा की हुई शुरूआत

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी)** राजधानी जयपुर के रामगढ़ मोड़ स्थित करबला मैदान में तीन दिवसीय तब्लीगी इज्तिमा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शुक्रवार शुरूआत हुई है गौरतलब है कि 3 से 5 फरवरी को आयोजित तीन दिवसीय दीनी तब्लीगी इज्तिमा (धार्मिक समागम) कार्यक्रम का सोमवार को सामुहिक दुआ कार्यक्रम के साथ समापन होगा जिसमें पुरे आलम में अमन चैन, भाईचारे, सुकुन, आपस में प्यार मोहब्बत एवं इंसानियत की मजबूती और देश के सार्वभौमिक विकास उन्नति की विशेष दुआएं मांगी जायेगी उल्लेखनीय है इस दौरान लाखों की तादाद में अकीदतमंद अमन, चैन और भाईचारा बनाए रखने की दुआ मांगेंगे.कार्यक्रम में जयपुर संभाग के लाखों अकीदतमंद तीन तक यही रह कर हर एक व्यवस्था को बनाने में मदद करेंगे.वहीं दिल्ली समेत देशभर से इस्लामी विद्वान औलेमा ए इकराम, अल्लाह वाले बुजुर्ग भी इज्तेमा में मौजूद रहेंगे.

इस दौरान इज्तिमा की तैयारी में स्थानीय लोग ज़ोरों शोरों से जुटे हुए हैं.इसी के तहत पार्षद पति मोज्जम अख्तर हुसैन ने इज्जिमा की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इज्तिमा की तैयारी जोरों शोरों पर है। नगर निगम हेरिटेज द्वारा सफाई का कार्य करवाया गया है और निरंतर रूप से सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखी जायेगी जो की प्रगतिशील है, हमारे द्वारा संपूर्ण सहयोग दिया जा रहा हैआगे भी किसी भी प्रकार का कोई कार्य होगा उसे भी हम पूर्ण करेंगे.अनुमान है कि तब्लीगी इज्तिमा में बड़ी संख्या में पैगम्बर मोहम्मद साहब के अनुयायी इज्तिमे में पहुंचेंगे लगभग 2.5 लाख से अधिक अकीदतमंद जयपुर जिले सहित प्रदेशभर से पहुंचने का अनुमान है.तब्लीगी इज्तिमा में मौलाना,कारी,हाफिज सहित धर्मगुरु विद्वान शामिल होंगे,और अल्लाह की वेदानियत बयान करेंगे.साथ ही पैगंबर मोहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डालेंगे.इज्तिमा के आखिरी दिन मौलानाओं व धर्मगुरु द्वारा विशेष सामूहिक दुआ की जाएगी. जहा देश व प्रदेश में अमन भाईचारा को लेकर दुआ की जाएगी.

- **तीन दिवसीय तब्लीग़ी इज्तिमें में इन बातों पर विशेषता के साथ दिया जायेगा गौर**

» इस्लाम के मुताबिक सभी पांचों वक्त की नमाज़ अदा करनी चाहिए, नबी सुन्नतों पर अमल करना चाहिए, ब्याज का बहिष्कार करना चाहिए, अपने पड़ोसियों से प्यार मोहब्बत का बर्ताव करना चाहिए,इस्लाम के प्रसार प्रचार के लिए तबलीग़ के ज़रिए समय देना चाहिए


- **बिना खर्च निकाह करवाकर नबी की सुन्नत को आसान बनाने का दिया जायेगा सकारात्मक संदेश**

» इज्तिमे में आलिमों द्वारा शादी और निकाह में बुनियादी फर्क को समझाने पर जोर दिया जाता है. दिखावटी और सजावटी शादियों से बचने के साथ सादगी के साथ बिना किसी दहेज, सामूहिक भोज और बिना किसी के खर्चे के निकाह करेने पर इस वर्ष भी हर वर्ष की भांति इज्तिमे में जोर दिया जाएगा.बीते कई सालों से होने वाले इस इज़तिमे में दहेज मुक्त निकाह पढ़ाया जाता रहा है और इस वर्ष भी पिछले वर्षों की भांति कई जोड़े निकाह के पाक बंधन में बंधेंगे.

- **इज्तिमें में यें व्यवस्थाएं होंगी क़ाबिल ए तारीफ**

» इज्तिमा में आए लोगों खासकर जयपुर के बाहर से आए लोगों के लिए यहीं पर नाश्ते और खाने की व्यवस्था की जाती है. शहर के विभिन्न इलाकों के लोगों द्वारा यहां खाने पीने की स्टॉले लगाई जाती हैं.जहां रियायती दरों पर चीजें मुहैया कराई जाती हैं. इज्तिमे में सैंकड़ों वॉलिंटियर्स ही ट्रैफिक और साफ सफाई का काम संभालेंगे. वुजू के लिए भी यहां विशेष इंतजाम से लेकर पार्किंग, चिकित्सा, निगरानी समेत अन्य व्यवस्थाओं के लिए खिदमतगार टीमों की ओर से खिदमत की जाएगी.और लाखों की संख्या में लोगों के शिरकत करने की पुरी पुरी उम्मीद है

## ज्ञानवापी के व्यास जी तहखाने में पूजा-पाठ के आदेश के खिलाफ बंद आज, छावनी में तबदील हुई वाराणसी- तीन हजार जवान तैनात



**वाराणसी/एजेंसी**। ज्ञानवापी के व्यास जी के तहखाने में पूजा की अनुमति मिलने के बाद देर रात को करीब दो बजे पूजा की गई है, जिसके बाद से वाराणसी छावनी में तब्दील हो गई है। वाराणसी में कोई अप्रिय घटना घटित न हो, इसके मद्देनजर पुलिस भी हाई अलर्ट पर है और तीन हजार से अधिक जवान तैनात किए गए हैं। ज्ञानवापी तलगृह में पूजा-पाठ के जिला जज के आदेश के खिलाफ अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद ने जुमा के दिन (शुक्रवार) को बंदी का एलान किया है। साथ ही लोगों से शांति व संयम बरतने की अपील की है।

अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद के महासचिव अब्दुल बातिन नोमानी ने पत्र जारी कर कहा है कि ज्ञानवापी के दक्षिणी तलगृह में पूजा पाठ की अनुमति देने से मुसलमानों में नाराजगी है। इसके विरोध में मुसलमान जुमा के दिन शांतिपूर्ण रूप से अपना कारोबार बंद रखकर जुमा की नमाज से असर की नमाज तक दुआख्वानी करेंगे।

इससे पहले गुरुवार को भी पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी थी। हालांकि अभी तक सबकुछ सामान्य बीता है। डीसीपी आरएस गौतम ने देर रात जैतपुरा, आदमपुरा, चौक थाने में देर रात तक शांति कमेटी की मीटिंग की।

## अरविंद केजरीवाल आज भी ईडी के सामने नहीं होंगे पेश, समन को बताया गैर-कानूनी

**नई दिल्ली/एजेंसी**। दिल्ली शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज यानी 2 फरवरी को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली के मुख्मंत्री अरविंद केजरीवाल आज भी ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। यह समन क़ानूनी रूप से सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल केवल क़ानूनी समन का ही सामना करेंगे। आम आदमी पार्टी ने कहा कि केंद्र सरकार का मक़सद केवल और केवल केजरीवाल को गिरफ़्तार करना है। केंद्र सरकार केजरीवाल को गिरफ़्तार करके दिल्ली की सरकार गिराना चाहते हैं और हम ये क़तई नहीं होने देंगे।

दरअसल, ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल को एक नया और पांचवां समन जारी किया था। इससे पहले पिछले चार महीनों में वह संघीय एजेंसी द्वारा चार समन को टाल चुके हैं। अरविंद केजरीवाल, पिछले साल दो नवंबर, 21 दिसंबर और इस साल तीन जनवरी तथा 18 जनवरी को ईडी के समक्ष उपस्थित होने के लिए जारी उसके समन को टाल चुके हैं।

### नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल का 16वां राष्ट्रीय कन्वेंशन हुआ आयोजित

## जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार दृढसंकल्पीत और प्रतिबद्ध : सुधाश पंत

चमकता राजस्थान



जयपुर। (खलील कुरैशी)राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत में कहा है कि राजस्थान सरकार गरीब मध्यम वर्ग सहित सभी जरूरतमंद लोगों को आवास उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। पंत शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नार-डको) के 16वें राष्ट्रीय कन्वेंशन में भागीदारों को संबोधित कर रहे थे। पंत ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश के सभी वर्गों को आवास सस्ते दरों में मिलने से बहुत फायदा हुआ है, अब लोगों को घर बनाना आसान हुआ है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना राजस्थान में भी बेहतर तरीके से क्रियान्वित की जा रही है।

पंत ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को सस्ते और किफायती आवास उपलब्ध करवाने के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विजन को राजस्थान के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता से लागू करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। पंत ने कन्वेंशन के दौरान हाउसिंग निर्माण क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों का आवाह्न करते हुए कहा कि राजस्थान में निर्माण के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं उपलब्ध है। राजस्थान के टू- टायर और थ्री - टायर शहरों में हाउसिंग के क्षेत्र में काम के बहुत अवसर हैं। पंत ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार हाउसिंग के क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए तत्परता से काम करेगी।




# आजादी और तवायफों की दमदार दास्तां बयां करती - वेबसीरिज हीरामंडी

**मुंबई।**

बॉलीवुड के फेमस फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की मोस्ट अवेटेड सीरीज हीरामंडी का फर्स्ट लुक आज गया है। इसका इंतजार भंसाली के फैंस बहुत दिनों से कर रहे थे। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली इस वेब सीरीज की कास्ट बहुत ही दमदार है। इस वेब सीरीज में मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, सोनाक्षी सिन्हा, अदिती राव हैदरी, संजीदा शेख जैसे स्टार्स हैं। भंसाली का ये ड्रीम प्रोजेक्ट है जिस पर वो 14 वर्षों से काम कर रहे थे। इसके फर्स्ट लुक में वो जमाना दिख रहा है जब तवायफें भी किसी रानी से कम नहीं हुआ करती थीं। संजय लीला भंसाली की तरह ही उनकी ये फिल्म भी बहुत ही भव्य है। सेट से लेकर कलाकारों की कास्ट्यूम तक सब आला दर्जे का है। फर्स्ट लुक में सभी कलाकारों की झलकी दिखाई गई है। जानकारी के मुताबिक, ये लाहौर की तवायफों पर बेस्ड एक सीरीज है।

# कॉकटेल 2' से बाहर हुईं दीपिका- डायना? इन 2 बेस्ट फ्रेंड ने मारी बाजी, रिएलिटी शो में आई थीं नजर

**मुंबई।**

बॉलीवुड की फेमस तीन जोड़ियों अली खान दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी की फिल्म कॉकटेल ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब 12 साल बाद डायरेक्टर इसका सीक्वल लाने का प्लान कर रहे हैं। ऐसे में खबरें ये आ रही हैं कि कॉकटेल 2 से दीपिका और डायना का पत्ता कट गया है। इसमें बॉलीवुड की 2 सबसे अच्छी दोस्त नजर आ सकती है। दोनों एक्ट्रेस में से एक का सैफ अली खान से गहरा नाता भी है। आईये जानते हैं कौन है वो...

कॉकटेल 2' के लिए जो पहला नाम सामने आ रहा है वह है सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान का और वहीं सारा की दोस्त अनन्या पांडे को भी कास्ट किया जा सकता है। अभी तक न तो सारा से और न ही अनन्या की तरफ से इसकी पुष्टि हुई है। वहीं, प्रोडक्शन हाउस की तरफ से भी कोई स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है। लेकिन, दोनों एक्ट्रेसेस को मैड्डॉक फिल्म्स के ऑफिस के बाहर स्पॉट जरूर किया गया है। वहीं, करण जौहर के शो 'कॉफी विद करण सीजन 8' में भी सारा और अन्नया साथ नजर आई थीं।

# सनी लियोनी ने अपना लेटेस्ट गाना 'फना' जारी किया

**मुंबई।**


सनी लियोनी का नया गाना फना सॉन्ग वीडियो में सनी लियोनी का एक्सप्लोसिव मैजिक डांस फ्लोर को जगमगा देता है, जो अब आपके विजुअल डिलाइट के लिए प्रस्तुत है! यह बेहतरीन परफॉरमेंस सनी के बेजोड़ करिज़्मा और डांस में मास्टरी को प्रदर्शित करता है, जो दर्शकों को काफी प्रभावित करते हैं।एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर गाने की रिलीज की घोषणा की, पोस्ट को कैप्शन दिया गया-एम्ब्रेस द हीट, ओन द स्पॉट लाइट, फना इज आउट नाउ!गाने के वीडियो में बेहतरीन कोरियोग्राफी और सनी की प्रजेंस आर्टिस्टिक एलिगेंस का एक सेलिब्रेशन है, जो सभी दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ती है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, सनी लियोनी एक आगामी शो 'ग्लैम फेम' को जज करेंगी और अनुराग कश्यप 'कैनेडी' द्वारा निर्देशित राहुल भट्ट के साथ उनकी विश्व स्तर पर प्रशंसित फिल्म का इंतजार कर रही हैं। फैंस भी फिल्म 'कोटेशन गैंग' के साथ तमिल सिनेमा में उनके प्रवेश का बेसब्री से इंतजार करते हैं, जहां वह जैकी श्रॉफ, प्रियामणि और सारा अर्जुन के साथ स्क्रीन शेयर करती नज़र आएंगी। वह स्पिल्ट्सविला सीजन 5 को भी होस्ट करेंगी।



# 14 साल बाद साथ आए अक्षय कुमार-प्रियदर्शन, हॉरर-कॉमेडी फिल्म से मचाएंगे धमाल

**मुंबई।**

अक्षय कुमार और फिल्म निर्माता प्रियदर्शन ने छह फिल्मों में साथ काम किया है। अब यह जोड़ी सातवीं फिल्म के लिए साथ आने वाली है। 2010 में अपने आखिरी सहयोग 'खट्टा मीठा' के 14 साल बाद दोनों एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म पर साथ काम करेंगे। प्रियदर्शन ने स्पष्ट किया कि यह फिल्म उनकी पंथ हिट 'भूल भुलैया' का सीक्वल या स्पिन-ऑफ नहीं होगी। प्रियदर्शन ने आगामी प्रोजेक्ट पर बड़ा अपडेट दिया है, जिसने इस जोड़ी के फैंस के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। प्रियदर्शन ने आगामी प्रोजेक्ट पर अपडेट साझा करते हुए कहा, 'अक्षय के साथ मेरी फिल्म रीमेक नहीं है। यह एक मौलिक विचार है। स्क्रिप्ट मेरी नहीं है, यह मुझे निर्माता एकता कपूर ने दी थी। यह भूल भुलैया नहीं है, लेकिन यह फैंटेसी हॉरर जोन में एक हॉरर कॉमेडी होगी। मैं भूल भुलैया को हास्य के साथ एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर भी कहूंगा। तो, यह किसी भी फिल्म का सीक्वल नहीं है। आगामी प्रोजेक्ट अक्तूबर में फ्लोर पर जाएगा।







# कृति सेनन स्क्रीन पर रोबोट का किरदार निभाने वाली बनीं पहली बॉलीवुड एक्ट्रेस

**मुंबई।**

नेशनल अवॉर्ड विनर कृति सेनन एक बार फिर अपनी बेहतरीन एंक्टिग का दम दिखाने जा रही हैं। उनकी अपमकिंग फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में टैलेंटेड एक्ट्रेस एक शानदार भूमिका निभाती नजर आएंगी - जो कि सिफरा नाम की एक रोबोट की है। ऐसा करके, कृति न केवल एक अनोखे किरदार की शुरुआत कर रही हैं, बल्कि सिल्वर स्क्रीन पर रोबोट का किरदार निभाने वाली बॉलीवुड की पहली महिला एक्ट्रेस भी बन गई हैं। फिल्म के ट्रेलर और गानों में हमने जो झलक देखी है, उससे यह साफ है कि कृति सेनन अपने किरदार की जटिलताओं को सहजता से पेश करती हैं। रोबोट की भूमिका निभाना कोई आसान बात नहीं है, खासकर के जब संसारिक रूप से अंदर की भावनाओं को व्यक्त करने की चुनौतियों का सामना करते है। हालांकि ऐसा लगता है कि कृति ने इस कला में महारत हासिल कर ली है, कई प्रकार के कौशल का प्रदर्शन करते हुए जो उनके अभिनय कौशल की गहराई को उजागर करते हैं। कृति के प्रदर्शन का एक उल्लेखनीय पहलू एक रोबोटिक व्यक्तित्व की हर बारीकी को सहजता से निभाने की उनकी क्षमता है। वह दोनों हाथों से सहजता से खाना पकाने, बेजान आचरण अपनाने, मैकेनिकल फेस के साथ भावनाएं व्यक्त करने, पीछे की ओर झुकने और कई अन्य पलों में अपनी काबिलियत दिखाती है जो एक रोबोट की प्रामाणिकता को बनाए रखते हैं। ये सभी कृति की सीमाओं को पार करने और एक रोबोट जैसे अनोखे किरदार को निभाने के साथ आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करने की कमिटमेंट को प्रदर्शित करते हैं।

# आज राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पाकुड़ के रास्ते झारखंड में करेगी प्रवेश

## पाकुड़ जिले के सदर प्रखंड के नसीपुर में राहुल गांधी करेंगे जनसभा को संबोधित



### लिट्टीपाड़ा जाएंगे जहां राहुल गांधी रात्रि विश्राम करेंगे

**पाकुड़।**

भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी पाकुड़ जिले के सदर प्रखंड के नसीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले के राजग्राम के रास्ते राहुल गांधी झारखंड के पाकुड़ में प्रवेश करेंगे। जहां कांग्रेस कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगे।इस बात की पुष्टि झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने की है।

### पाकुड़ के नसीपुर में राहुल गांधी करेंगे जनसभाः मंत्री

आलमगीर आलम ने बताया कि झारखंड की सीमा में प्रवेश करने के बाद राहुल गांधी पदयात्रा करते हुए नसीपुर पहुंचेंगे और यहां आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड के पाकुड़ में राहुल गांधी की पहली न्याय यात्रा होगी। ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि राहुल गांधी शहरी क्षेत्र में पैदल मार्च करते हुए लिट्टीपाड़ा जाएंगे। जहां राहुल गांधी रात्रि विश्राम करेंगे। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर ने आगे बताया कि पाकुड़ के नसीपुर में आयोजित जनसभा में पाकुड़ और साहिबगंज जिले के हजारों कार्यकर्ता और पार्टी समर्थक हिस्सा लेंगे।

आलमगीर आलम ने कहा कि अपने लोकप्रिय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की पदयात्रा को ऐतिहासिक बनाने में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जी-जान से जुटे हुए हैं। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि महिलाओं, किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों को न्याय दिलाने और केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा गैर भाजपाई सरकारों को परेशान करने, केंद्रीय एजेंसियों का सहारा लेकर गैर भाजपा नेताओं को परेशान करने, विपक्षी दलों के सांसदों, विधायकों पर दवाब बनाकर उन्हें भाजपा में शामिल करने की नीतियों के खिलाफ राहुल गांधी की न्याय यात्रा देश की राजनीति में बदलाव लाने का बेहतर कदम साबित होगा।

# मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं...

## एएमयू मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में वकील ने क्या दलील दी

**नयी दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे से संबंधित मामले पर सुनवाई के दौरान बुधवार को एक वकील से कहा राजनीतिक हस्तियों पर टिप्पणी न करें। वकील ने बहस करते समय पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और अन्य का नाम लिया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, सात न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ का नेतृत्व कर रहे हैं। वकील ने दलील दी थी कि मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं हैं क्योंकि वे चुनावी परिणाम को प्रभावित करने की स्थिति में हैं। वकील ने परोक्ष रूप से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेताओं का जिक्र करते हुए तर्क दिया,अल्पसंख्यक के रूप में मुसलमान चुनावों को प्रभावित करते हैं और अगर भिंडरावाले को श्रीमती गांधी ने खड़ा किया तो ओवैसी को भाजपा ने शह दी। वे मुस्लिम वोटों को विभाजित करना चाहते हैं। चीफ जस्टिस ने कहा, हम संवैधानिक कानून के दायरे से बाहर नहीं जाएंगे। राजनीतिक हस्तियों पर टिप्पणी न करें ।वकील ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार, देश की आबादी में मुस्लिम 14.2 प्रतिशत थे। उन्होंने कहा, यह अदालत इस सवाल का फैसला करने में सक्षम नहीं है कि वे किसी चुनाव को प्रभावित करते हैं या नहीं। इसीलिए मैंने उल्लेख किया है कि इस सवाल पर विचार करने के लिए कोई आयोग गौर सकता है। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, तो आपके अनुसार, मुस्लिम चुनावी नतीजों को प्रभावित करने की स्थिति में हैं, इसलिए वे अल्पसंख्यक नहीं हैं। वकील ने कहा, हां। गुरुवार को भी अदालत के सामने दलीलें जारी रहेंगी।




# भाजपा का डर अब...',

## हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर आगबबूला हुए लालू यादव, केंद्र सरकार पर जमकर बोला हमला

**पटना।**

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने केंद्र सरकार पर जमकर भड़ास निकाल ली है। उन्होंने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि झारखंड की लोकप्रिय सरकार के जनप्रिय आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र की तानाशाह सरकार प्रताड़ित कर रही है। भाजपा के यह घिनौने हथकंडे अल्प समय के लिए परेशान तो कर सकते हैं पर पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और हाशियों पर रहने वाले समूहों के संकल्प और महत्वाकांक्षाओं को पराजित नहीं कर सकते। भाजपा का डर जग-जाहिर है और जनता भी यह बात अब समझ चुकी है। हम मजबूती से हेमंत के साथ हैं। बता दें कि बिहार में महागठबंधन की टूट के बाद लालू यादव की पहली प्रतिक्रिया आज आई है। उनकी प्रतिक्रिया से ऐसा लग रहा है कि वह बिहार के मामले को लेकर भी भड़ास निकाल रहे हों। हालांकि, लालू प्रसाद, नीतीश कुमार के बार में कुछ भी डायरेक्ट कहने से बच रहे हैं।



# बजट में समावेशी और इनोवेटिव, युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिम बजट पर कहा कि इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान और नवाचार पर 1 लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है, बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी ऐलान किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिम बजट पर कहा कि आज का यह बजट अंतरिम बजट तो है ही लेकिन यह समावेशी और इनोवेटिव भी है। यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला, किसान सभी को सशक्त करेगा। यह बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। पीएम मोदी ने कहा कि गरीबों के लिए हमने गांव और शहरों में 4 करोड़ से अधिक घर बनाए हैं अब हमने 2 करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य रखा है। हमने 2 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था, अब इस लक्ष्य को बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिम बजट पर कहा कि आज इस बजट में किसानों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण और बड़े निर्णय लिए गए हैं। नैनो, डीएपी का उपयोग, पशुओं के लिए नई योजनाएं, पीएम मत्स्य संपदा योजना के विस्तार और आत्मनिर्भर ऑयल सीड अभियान से किसानों की आय बढ़ेगी और खर्च कम होगा।







# विधायकों को पत्र लिखकर बोले- मेरे माता-पिता का रखें ख्याल

**रांची।**

हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के पूर्व बुधवार को समर्थक विधायकों के नाम मार्मिक अपील जारी की। उन्होंने आग्रह किया है कि उनकी अनुपस्थिति में उनके माता-पिता का ख्याल रखा जाए, क्योंकि वह बीमार हैं। साथ ही लिखा है कि मेरे छोटे भाई पर स्नेह बनाए रखें। विधायकों को संबोधित पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि आप अवगत हैं कि 30 जनवरी को पार्टी विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया था कि किसी विपरीत परिस्थिति में अगर मुझे नेता विधायक दल का अपना पद छोड़ना पडा तो उस परिस्थिति में विधायक दल के नए नेता का चयन मेरे द्वारा किया जाएगा, जो सर्वमान्य होगा। उपरोक्त प्रस्ताव पर सभी गठबंधन दल के विधायकों की बैठक में भी सहमति जताई गई थी। हेमंत ने लिखा है - मैं ईडी के समन के अनुपालन में उपस्थित होने जा रहा हूं। अगर मुझे गिरफ्तार कर लिया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में सम्यक विचारोपरांत चम्पाई सोरेन को विधायक दल का नया नेता नामित करने का निर्णय लिया है। विधायक दल की बैठक में इन्हें विधिवत रूप से विधायक दल का नेता चुनने के उपरांत सभी सहयोगी दलों के नेताओं के साथ उनका समर्थन पत्र लेकर नए नेता के नेतृत्व में आप सभी राज्यपाल के समक्ष जाकर नई सरकार के गठन का दावा पेश करेंगे एवं अपनी एकता का परिचय देते हुए नई सरकार के गठन तक रांची में उपस्थित रहेंगे।



# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से यूएन प्रतिनिधियों ने की मुलाकात

## प्रदेश में पर्यटन विकास और महिला सशक्तिकरण पर मिलकर काम करने पर हुई चर्चा

चमकता राजस्थान



**जयपुर, 02 फरवरी।** उप मुख्यमंत्री तथा पर्यटन और महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी से यूएन प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित उनके कक्ष में मुला×कात कर राजस्थान में पर्यटन के विकास की संभावनाओं, महिला सशक्तिकरण, एनीमिया की रोकथाम ,लिंग भेद उन्मूलन तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए जैसे बिन्दुओं पर चर्चा की।

उप मुख्यमंत्री ने यूएन रेजिडेंट कॉर्डिनेटर शोम्बी शार्प, यूनिसेफ राजस्थान की चीफ फिल्ड ऑफिसर इसाबेल बारडेम तथा यूएन रेजिडेंट कॉर्डिनेटर कार्यालय की चीफ ऑफ स्टाफ राधिका कॉल बत्रा के साथ बैठक की। बैठक में यू एन और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करके महिला सशक्तिकरण, एनीमिया, कुपोषण, पेयजल, प्रदेश के पर्यटन, कला, संस्कृति, हेरिटेज को बढ़ावा देने की सम्भावनाओं पर चर्चा की गई। आगामी दिनों में अगले स्तर की वार्ता कर कार्ययोजनाओं का निर्माण किया जाएगा। दिया कुमारी बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रदेश में आंगनबाडियों को सक्षम आंगनबाड़ी बनाने के लिए कार्य किया जायेगा। एनीमिया ग्रस्त एवं कुपोषण ग्रस्त पोकेट्स पर फोकस किया जायेगा। इसके साथ ही राजस्थान में पदस्थापित दस हजार साथिनों का क्षमतावर्धन किया जायेगा। साथिनों के जॉब रोल को फ्रंट लाइन वर्कर के रूप में सुदृढ़ किया जायेगा।

बैठक में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सस्टेनेबल गोल को लक्षित कर कार्य हेतु चर्चा की गई। राजस्थान की शानदार अमूर्त सांस्कृतिक विरासत कला, संस्कृति, हस्त कला आदि को आगे बढ़ाना जरुरी है। आधुनिकीकरण के कारण कला संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत की अनदेखी हो रही है। राजस्थान और जयपुर में भी शानदार ऐतिहासिक विरासत है। विरासत को संरक्षण कैसे प्रदान किया जाए और इनको पर्यटन की दृष्टि से कि स तरह आगे बढ़ाया जाए इस पर चर्चा की गई। अमूर्त सांस्कृतिक विरासत कला संस्कृति, हस्त कला आदि को आगे बढ़ाया जाए। यू एन प्रतिनिधियों से जिओ हेरिटेज साइट विकसित करने, वर्ल्ड हेरिटेज साइट विकसित करने हेतु चर्चा की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं : मंत्री ओटाराम देवासी



**चमकता राजस्थान। सिरोही।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, सिरोही द्वारा राजकीय पीजी महाविद्यालय सिरोही में विकसित भारत संकल्पित भारत पर तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का समापन प्रदेश के ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने उपस्थित जनसमुदाय से अपील करते हुए कहा कि मल्टीमीडिया प्रदर्शनी मे दी गई केंद्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए सभी विभाग अपनी योजनाओं को गांव के अंतिम छोर तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। देवासी ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, एक भारत श्रेष्ठ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा, आयुष्मान भारत, हर घर जल योजना पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए लाभ लेने की अपील की ।

### जघन्य हत्याकाण्ड में 7 साल से वांछित पांच-पांच हजार रुपये इनामी 3 अभियुक्त गिरफ्तार




**चमकता राजस्थान। कोटा! (खलील कुरैशी)02 फरवरी।** किशोरपुरा थाना इलाके में 7 साल पहले हुए जघन्य हत्याकांड के मामले में फरार चल रहे तीन वांछित अभियुक्तों नाजिद अली, वाजिद उर्फ माजिद अली एवं जैकी उर्फ मोहम्मद जीशान को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों पर पांच-पांच हजार का इनाम घोषित है एसपी शरद चौधरी ने बताया कि 100 दिवसीय कार्य योजना को मध्य नजर रखते हुए वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय गुप्ता व सीओ भवानी सिंह के निर्देशन एवं एसएचओ हरलाल मीणा के नेतृत्व में साल 2017 में तलवारों से हमला कर हुए राजकुमार बैरवा हत्या काण्ड में तीनों इनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

- **नाम पता गिरफ्तार ईनामी अपराधी**

1.नाजिद अली पुत्र मुन्ना (28) निवासी किशोरपुरा नाले के किनारे धोबीघाट दशहरा मेदान किशोरपुरा हाल छोटी मस्जिद किशोरपुरा ईदगाह हाल छावनी गुमानपुरा कोटा घेर वालेबाबा केपासकोटा(2).वाजिद उर्फ माजिद अली पुत्र मुन्ना (25) निवासी किशोरपुरा नाले के किनारे दशहरा मेदान किशोरपुरा हाल छोटी मस्जिद किशोरपुरा ईदगाह हाल रफीक मंजर के मकान मे छत्रपुरा विज्ञान नगर कोटा शहर।(3).जैकी उर्फ मोहम्मद जिशान पुत्र मोहम्मद सादीक (25) निवासी किशोरपुरा नाले के किनारे धोबीघाट दशहरा मेदान किशोरपुरा हाल ईदगाह रोड किशोरपुरा कोटा शहर।

### भारत समाज आधारित राष्ट्र- मनमोहन वैद्य



**चमकता राजस्थान। जयपुर, 02 फरवरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य ने कहा कि भारत समाज आधारित राष्ट्र है। हमारे राष्ट्र की संकल्पना का आधार आध्यात्मिक है। कोरोना जैसी महामारी के समय समाज द्वारा संक्रमण का खतरा होने के बावजूद एक दूसरे का सहयोग करना, इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने रविन्द्र नाथ ठाकुर के स्वेदेशी समाज का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारे यहां परम्परागत रूप से न्याय व्यवस्था, विदेश, सुरक्षा जैसे विभाग राजा के पास होते थे। जबकि चिकित्सा, शिक्षा, कामर्स, ट्रेड, इंडस्ट्री, मंदिर, मेला, संगीत, नाटक, कला आदि समाज की व्यवस्था थी। इसके लिए धन राजकोष से नहीं बल्कि समाज देता था। संघ के सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य जयपुर में चल रहे जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के दूसरे दिन अपनी पुस्तक 'वी एंड द वर्ल्ड अराउंड' पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंडिया शब्द अंग्रेजों ने भारत आने के बाद दिया था। जबकि भारत प्राचीनकाल से है। भारत कहने से प्राचीनता का बोध होता है। भारत को भारत कहना अधिक उचित है। उन्होंने कहा कि वसुधैव कटुंबकम का विचार भारत का है। हमारे यहां से भी लोग दुनिया में व्यापार करने गए लेकिन उन्होंने वहां के लोगों को अरब और यूरोप की तरह कंवर्ट नहीं किया। हिन्दू शब्द की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि लोकमान्य तिलक के हिन्दू शब्द के अर्थ को सावरकर ने अधिक विस्तारित व्याख्या दी। सावरकर की हिन्दू संकल्पना को माधव राव गोलवलकर ने युगानूकल परिभाषित करते हुए कहा था कि जिनके समान पूर्वज हों, एक संस्कृति एवं भारत को माता मानते हों, वह सभी हिन्दू हैं।

उन्होंने इंडोनेशिया का उदाहरण देते हुए कहा कि, वो एक मुस्लिम देश होते हुए भी वहां 'रामलीला' का आयोजन किया जाता है। यदि इंडोनेशिया का मुस्लिम उपासना पद्धति बदलने के बावजूद भगवान राम को मानते हैं। उन्होंने कहा कि संघ की शाखा में मुस्लिम- ईसाई भी आते हैं और दायित्व लेकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में जन्म लेने वाले सब हिन्दू है, लेकिन व्यक्तिगत, पारिवारिक, व्यवसायिक व सामाजिक व्यवहार एवं आचरण से हिन्दुपन प्रक ट होना चाहिए। जाति व्यवस्था की बात करते हुए उन्होंने कहा कि जातिगत उंच-नीच और भेदभाव गलत है।

# हिमंता-मिलिंद जैसों के कांग्रेस छोड़ने पर दिक्कत नहीं उनकी विचारधारा अलग है : राहुल गांधी

चमकता राजस्थान ।



कोलकाता/रांची (एजेंसी )भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में डिजिटल मीडिया के पत्रकारों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा और मिलिंद देवड़ा जैसे लोगों के कांग्रेस छोड़ने पर कोई दिक्कत नहीं है। उनकी विचारधारा अलग है। असम के सीएम हिमंता जिस तरह की राजनीति करते हैं वो कांग्रेस की राजनीति नहीं हो सकती है।हिमंता ने राहुल पर आरोप लगाया था कि वो उनके राज्य में अशांति फैला रहे हैं।वहीं, राहुल ने हिमंता को देश का सबसे करप्ट मुख्यमंत्री बताया था। राहुल ने इसके अलावा सरकारी एजेंसियों के हो रहे दुरुपयोग को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार पर जरूर दबाव बनाया होगा, तभी उन्होंने इंडिया छोड़ा है।

### विपक्षियों नेताओं को ईडी परेशान कर रही है

» राहुल गांधी का एक वीडियो भी सामने आया है– इसमें वे कह रहे हैं कि लालू जी से सवाल पूछे गए हैं, तेजस्वी से भी पूछताछ हो रही है। हेमंत सोरेन से सवाल किए जा रहे हैं और केजरीवाल को ईडी का एक और सम्मन मिला। उन्होंने कहा कि मुझसे भी 55 घंटे तक पूछताछ हुई थी।

# बरसों का इंतजार हुआ खत्म, नागरिकता के साथ मिली पहचान

- **अतिरिक्त जिला कलक्टर अबू सूफियान चौहान ने 14 पाक विस्थापितों को प्रदान की नागरिकता**
- **नागरिकता प्रमाण पत्र मिलने से भारतीय नागरिक बनने पर विस्थापितों ने जताया जिला प्रशासन का आभार**



**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी)02 फरवरी।** जयपुर जिला कलक्ट्रेट में गुरुवार को 52 वर्षीय जयवंती की आंखें उस वक्त छलक आई, जब कई सालों के इंतजार के बाद उन्हें भारतीय नागरिकता का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। अतिरिक्त जिला कलक्टर अबू सुफियान चौहान ने 14 पाक विस्थापितों को नागरिकता प्रमाण-पत्र सौंपे। इनमें जयवंती के साथ ही 25 वर्षीय भरतराज, 26 वर्षीय पूजा कुमारी, 21 वर्षीय अक्षय कुमार, 23 वर्षीय कंवल देवी, 44 वर्षीय इन्द्रन को भारतीय नागरिकता प्रमाण-पत्र की सौगात मिली। वहीं, इस मौके पर 46 वर्षीय सचानंद दास, 18 वर्षीय हरीश कुमार, 26 वर्षीय पारूल कुमारी, 27 वर्षीय रोमिया कुमारी, 22 वर्षीय राहुल कुमार, 24 वर्षीय मुकुंद मिहिर शर्मा, 22 वर्षीय कुनाल शर्मा के साथ साथ 34 वर्षीय मनोज कुमार को भी भारतीय नागरिकता का प्रमाण पत्र सौंपा गया।नागरिकता प्रमाण-पत्र मिलने के बाद सचानंद दास ने जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि आज कई सालों का लंबा इंतजार खत्म हुआ है और आज हम फक्र के साथ कह सकते हैं कि हम भारतीय हैं। वहीं, लाभार्थियों ने कहा कि नागरिकता का प्रमाण नहीं होने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में उन्हें काफी असुविधा होती थी लेकिन अब भारतीय नागरिकता मिलने के बाद ना केवल उन्हें पहचान मिली है बल्कि अब सरकारी योजनाओं की मदद से वे अपने परिवार का भरण पोषण बेहतर तरीके से कर पाएंगे।इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने भारतीय नागरिकता हासिल करने वाले सभी पाक विस्थापितों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि जिला प्रशासन नागरिकता के आवेदनों पर प्राथमिकता से नियमानुसार कार्यवाही कर प्रमाण-पत्र जारी करता है ताकि आवेदक किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 294 पात्र आवेदकों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है।

# गाइड लाइन के अनुरूप कमरे में हेंगिंग डिवाइस नहीं पाई जाने पर हॉस्टल को किया सीज

चमकता राजस्थान

कोटा।गाइड लाइन की पालना नहीं करने पर जिला प्रशासन ने तलवंडी क्षेत्र के एक हॉस्टल को सीज कर दिया। जिला कलक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी ने बताया कि हॉस्टल में निर्धारित गाइड लाइन की पालना नहीं पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि गत दिनों एक स्टूडेंट के सुसाइड करने के मामले में हॉस्टल के कमरे में जांच करने पर वहां कमरे में निर्धारित गाइड लाइन के अनुरूप हेंगिंग डिवाइस नहीं थी।इस मामले में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने धारा 133 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई करते हुए तलवंडी स्थित कंचन रेजीडेंसी को सीज किया गया।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट बृजमोहन बैरवा ने बताया कि 31 जनवरी को पारित आदेश की पालना सुनिश्चित करने के लिए हिसुब सोनी निवासी तलवंडी, कंचन रेजीडेंसी एवं हॉस्टल संचालक रघुनंदन शर्मा निवासी मथुरा लाल हलवाई के पास, बाजार नम्बर 2, रामगंजमंडी, थाना रामगंजमंडी ग्रामीण, हाल वार्डन कम केयरटेकर कंचन रेजीडेंसी को न्यायालय द्वारा पारित आदेश की पालना में उल्लेखित शर्तों की अक्षरशः पालना करने के लिए पाबंद किया गया है। बैरवा ने बताया कि हॉस्टल में 32 कमरे हैं जिनमें से 10 कमरों में स्टूडेंट रहते हैं। 22 कमरें खाली करवाए जा चुके हैं।10 कमरों में रह रहे 10 स्टूडेंट्स को 5 फरवरी तक दूसरे हॉस्टल में शिफ्ट करने के लिए रेजीडेंसी के संचालक व वार्डन के जरिए प्रार्थना पत्र पेश किया है। रेजीडेंसी के संचालक व वार्डन को पारित आदेश की पूर्णतया पालना सुनिश्चित करने के लिए लिखित में पाबंद किया जा चुका है।




# बजट से रेलवे विकास कार्यों में आएगी तेजी, जनता को मिलेगा लाभः सीपी जोशी

## संसदीय क्षेत्र चित्तौडगढ़ में रेलवे विकास कार्यों के लिए राशि आवंटित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार : सीपी जोशी

चमकता राजस्थान



जयपुर, 02 फरवरी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौडगढ़ लोकसभा सांसद सीपी जोशी ने अंतरिम बजट में राजस्थान एवं लोकसभा क्षेत्र चित्तौडगढ़ के लिए राशि स्वीकृत किए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश लगातार प्रगति कर रहा है और हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है, बजट में रेल विकास कार्यों से मिली राशि से चल रहे कार्यों में तेजी आएगी व शीघ्र पूर्ण होने पर इनका लाभ आमजन को मिलेगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि बजट में नीमच-रतलाम 133 किमी दोहरीकरण के लिये 400 करोड़, मावली-मारवाड़ लाईन रेलपथ के लिये 75 करोड़, मावली बड़ीसादड़ी, अजमेर चित्तौड़गढ़ उदयपुर नवीन रेल पथजोड़ के लिये 50 करोड़, उदयपुर हिम्मतनगर विद्युतीकरण के लिए 31.32 करोड़, अजमेर बेराच मावली उदयपुर विद्युतीकरण के लिये 40.11 करोड, रतलाम नीमच चन्देरिया कोटा विद्युतीकरण के लिये 4.29 करोड़, चित्तौडगढ-नीमच 55.73 किमी दोहरीकरण के लिये 2 करोड़, मावली बड़-ीसादड़ी व मावली नाथद्वारा विद्युतीकरण, रेलवे उपरी ब्रिज निर्माण चन्देरिया में एल.सी. 86 पर 5 करोड, रेलवे निचला ब्रिज निर्माण निम्बाहेड़ा में एल. सी. 103 पर 2 करोड, चन्देरिया -नीमच रेलपथ नवीनीकरण के लिए 1 करोड, चन्देरिया-रतलाम खण्ड के लिए 11 करोड, कोटा चित्तौड़गढ़ खण्ड के लिए 42.47 लाख, खेरादा एवं कानोड़ को हॉल्ट स्टेशन से क्रासिंग स्टेशन में परिवर्तन, चित्तौड़गढ़ बाईपास निर्माण सर्वे 17.03 लाख, अजमेर चित्तौड़गढ़ दोहरीकरण 186 किमी अंतिम स्थान सर्वेक्षण के लिये 90.40 लाख, कपासन निम्बाहेडा वाया सांवलियाजी अंतिम स्थान सर्वेक्षण 46.41 लाख, अंतिम स्थान सर्वेक्षण - मन्दसौर, प्रतापगढ़, घाटोल, बांसवाड़ा 120 किमी के लिये लागत राशि 3 करोड़ में से 1.75 करोड, देवगढ़ से बर नई रेल लाईन अतिंम स्थान सर्वेक्षण 85 किमी के लिये 42.50 लाख रूपये दिए है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929